हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025



## झांझ-मंजिरे के साथ निकाली बाबा की पालकी, झूमे भक्त





**राजनांदगांव।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी महाकाल मंदिर सिंघोला से बाबा महाकाल की भव्य पालकी निकाली गई। प्रथम सोमवार को शहर के ननंदई चौक, इंदिरा नगर, दुर्गा चौक, गुडाखू लाइन, कामठी लाइन, लक्ष्मी मंदिर हमालपारा पहुंची। बाजे-गाजे, झांझ-मंजीरा के साथ चलित झांकी, भव्य महाकाल की झांकी का भी प्रर्दशन किया गया। इधर जीई रोड स्थित बागेश्वर मंदिरधाम से इस वर्ष सावन के प्रथम सोमवार को हरित कांवड़ यात्रा निकाली गई। इस दौरान पर्यावरण, वृक्षारोपण और जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

# सावन: गूंजा ओम नमः शिवाय, मंदिरों में भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान शिव की भक्ति का महीना सावन प्रारंभ होने के बाद आज इस माह के पहले सोमवार को अंचल में भक्ति का माहौल रहा। सुबह से कई भक्त कांवड यात्रा निकालकर शिवनाथ नदी से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक किया। वहीं विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। शहर में इस दौरान महाकाल यात्रा भी प्रारंभ की गई।

सावन माह के पहले सोमवार को ओम नमः शिवाय, बोल बम, जयमहाकाल के जयकारों की गूंज रही। भोर के समय से ही मंदिरों में भक्त पूजा का थाल लिए पहुंचते रहे, जहां विधि-विधान से भगवान शिव का दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक सहित पूजा-अर्चना के साथ-साथ विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति अंचल के शिवालयों में रही। शहर के शीतला मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, शिव मंदिर मोहारा, शिव मंदिर भरकापारा, शिव मंदिर बांसपाईपारा, शिव मंदिर शंकरपुर, बागेश्वरधाम, महाकाल मंदिर सिंघोला, भानेश्वरी मंदिर, गांधी चौक शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की उपस्थिति रही। मंदिरों के आसपास पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई थी, जहां से भक्तों ने पूजा सामग्रियों की खरीदी भी की।



### मोहारा में कांवड़ियों के लिए सुविधा नहीं

सावन माह में प्रत्येक सोमवार को कांवड़ियों का जत्था मोहरा स्थित शिवनाथ नदी में जल लेने पहुंचता है। यहां नदी में बाढ़ की स्थिति होने के बावजूद सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए हैं। वहीं यहां सुविधाओं का अभाव भी बना हुआ है। यहां स्ट्रीट लाईटें बंद है, अतिरिक्त लाईटें भी नहीं लगाई गई है, शौचालय की सुविधा नहीं है, नदी में मार्किंग रोप नहीं है और सफाई व्यवस्था भी बदहाल है। मोहारा शिवनाथ नदी में काफी तादाद में महिलाएं भी जल लेने पहुंचती है। वहीं श्रद्धालु शिवनाथ नदी स्थित मोहरा घाट में स्नान भी करते हैं। नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है और मोहारा घाट में सुरक्षा का अभाव है।

**श्रद्धालुओं में उत्साह :** शिवनाथ नदी से जल लेकर निकली इस कांवड़ यात्रा में बच्चे, बुजुर्ग और सैकड़ों युवा शामिल हुए। इस कांवड़ यात्रा में काफी संख्या में महिला श्रद्धालु भी शामिल हुई। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में काफी उत्साह नजर आया। कांवड़ यात्रा के दौरान बोल बम का नारा लगाते भगवान शिव भजनों में श्रद्धालु झूमते चल रहे थे। पारंपरिक धार्मिक पोशाक, माथे पर चंदन और कंधे पर कांवड़ लिए श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर में पहुंचकर शिवलिंग में जल अर्पण कर अपने परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की।

## अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ एक्शन

# दर्जनभर से अधिक बांग्लादेशी मिले, बार्डर तक छोड़ेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ जारी पुलिस के अभियान के तहत जिले में भी दर्जनभर से अधिक ऐसे लोगों की पहचान कर ली गई है। पुलिस अब इन लोगों को वापस बांग्लादेश भेजने की कार्रवाई आगे बढ़ाने जा रही है। बताया गया कि प्रदेशभर में पकड़े गए अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों को एक साथ ले जाकर बांग्लादेश के बार्डर पर बीएसएफ को सौंप दिया जाएगा। बीएसएफ द्वारा ही आगे की कार्रवाई होगी। बड़ी बात यह है कि राजनांदगांव में सर्वाधिक बांग्लादेशियों को पकड़ा गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार से अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को भेजने की मंजूरी भी राज्य सरकार को मिल चुकी है। छत्तीसगढ़ पुलिस पहली बार इन्हें बॉर्डर पर छोड़ेगी और उन्हें बीएसएफ के हवाले किया जाएगा। जिसके बाद बीएसएफ उन्हें वापस बांग्लादेश में भेज देगी। हालांकि अब तक यह तय नहीं हो पाया है कि किस माध्यम से इन लोगों को बार्डर तक ले जाया जाएगा। सूत्रों की माने तो पुलिस पहले सभी को ट्रेन से पश्चिम बंगाल के हावड़ा ले जाएगी और उसके बाद वहां से असम ले जाएगी, जहां इन सभी अवैध बांग्लादेशियों को बीएसएफ को सौंपा जाएगा। अगले एक सप्ताह यानि 16 से 20 जुलाई के बीच सभी अवैध बांग्लादेशियों को वापस भेजने की तैयारी की है।

## पुलिस जल्द जारी करेगी अधिकारिक आंकड़े

**खास बातें**

- प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस कर रही अवैध बांग्लादेशियो की पहचान
- जिले के सभी थाना क्षेत्र में चलाया गया था अभियान



### आगे भी जारी रहेगा अभियान

ऐसा नहीं है कि बांग्लादेशियो के खिलाफ जारी यह अभियान अब थम जाएगा। बल्कि आने वाले दिनों में भी पुलिस लगातार अवैध रुप से रहने वाले बांग्लादेशियो की शिकायत मिलने पर जांच कर आगे की कार्रवाई करेगी। पुलिस इसके लिए अभियान भी चलाएगी।

### चार जिलों में पकड़ाए बांग्लादेशी

राजनांदगांव जिले के अलावा रायपुर, दुर्ग और रायगढ़ में भी स्थानीय पुलिस ने अवैध बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें पकड़ा है। ऐसे में इन जिलों में पकड़े गए अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को एक साथ भेजा जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ पुलिस की तरफ से सीनियर रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम तैयार की जाएगी, जो अवैध बांग्लादेशियों को लेकर बॉर्डर तक जाएगी। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई है।

### *लगातार चल रहा पहचान अभियान*

*ज्ञात हो कि प्रदेश सरकार के निर्देश बाद पिछले कई महीनों से अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करने अभियान चलाया जा रहा था। अलग-अलग थाना क्षेत्र में टीमों को तैनात कर घर-घर दस्तक देकर अवैध बांग्लादेशियों की पहचान की गई है। जिले में दर्जनभर से अधिक ऐसे लोग पकड़े गए हैं। सूत्रों के अनुसार इनमें से एक चोरी के मामले में जेल में बंद होना भी बताया गया। अब इन सभी को वापस बांग्लादेश भेजने की तैयारी शुरू कर दी गई है।*

# सड़क चौड़ीकरण का विरोध, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के लखोली से कन्हारपुरी तक की सड़क का चौड़ीकरण किए जाने की तैयारी को लेकर यहां के निवासियों ने अपना विरोध शुरू कर दिया है। बड़ी संख्या में लखोली क्षेत्र के लोगों ने कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण निरस्त किए जाने की मांग की है और ऐसा नहीं करने पर उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।

लखोली से कन्हारपुरी तक सड़क चौड़ीकरण से लोगों को अपने आशियाने टूटने का भय सता रहा है। इस चौड़ीकरण के प्रस्ताव को लेकर इस क्षेत्र के लोगों ने अपना विरोध करना शुरू कर दिया है और शासन प्रशासन से इस क्षेत्र में चौड़ीकरण के नाम पर घरों को तोड़े जाने की योजना पर आक्रोश जताया है। बड़ी संख्या में वार्ड के पूर्व पार्षदों और कांग्रेस नेताओं के साथ पहुंचे लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया है।



### नहीं मिला मुआवजा!

लखोली क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने कहा कि वर्ष 2012-13 में भी चौड़ीकरण के नाम पर उनके घरों को तोड़ा गया है। जिसका मुआवजा अब तक नहीं मिला है और अब फिर से चौड़ीकरण के लिए घरों को तोड़ा जाता है, तो फिर उग्र आंदोलन और कड़ा विरोध होगा।

**न्याय के लिए जाएंगे कोर्ट :** लखोली क्षेत्र के लोगों के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने कहा कि चौड़ीकरण के नाम से जनता परेशान है। निगम के अधिकारी जाकर लोगों को परेशान कर रहे हैं। वर्ष 2012-13 में तोड़फोड़ का मुआवजा लोगों को अब तक नहीं मिला है। भाजपा सरकार गरीबों का घर उजाड़ रही है। उन्होंने कहा कि चौड़ीकरण से लोगों का घर तोड़ा जाता है तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो न्यायालय की शरण में भी जाएंगे।

**की जा रही है पड़ताल :** चौड़ीकरण के मामले को लेकर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कहा कि पिछले वर्ष के बजट में सड़क चौड़ीकरण का कार्य स्वीकृत हुआ है या सर्वे इनिशियल लेवल का है। जिसमें सरकारी और प्राइवेट जमीन की उपलब्धता की पड़ताल की जा रही है। सर्वे के पश्चात यह बताया जा सकेगा कि कितने लोग प्रभावित हो रहे हैं, अभी किसी को पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है।

### नापजोख करने पहुंचे अधिकारी

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची लखोली निवासी सुरेखा सोनकर ने बताया कि नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी नाप करने आए थे और उन्होंने बताया है कि गंज चौक से कन्हारपुरी तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाना है। इसमें 21 फीट तक घर का हिस्सा टूटेगा। इस क्षेत्र के प्रभावित होने वाले लोगों ने कहा है कि चौड़ीकरण के नाम से घरों को तोड़े जाने से सब बेघर हो जाएंगे, इसलिए चौड़ीकरण का प्रस्ताव तत्काल रद्द किया जाए।




# गुपचुप वाले से शराब के लिए पैसे मांगे नहीं देने पर मारपीट, दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गुपचुप ठेला लगाने वाले से शराब के लिए पैसे की मांग कर गाली-गलौज व मारपीट करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है। वहीं चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में एक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह कमला कॉलेज चौक में गुपचुप ठेला लगाता है। 13 जुलाई के रात्रि 10 बजे दुकान को बंद कर अपने घर जा रहा था। रात्रि साढ़े 10 बजे बंगाली चाल के पास पहुंचा, तभी अर्जुन धनकर, नेतराम यादव एवं ईश्वर यादव तीनों इसे शराब पीने के लिए पैसों की मांग किया। प्रार्थी द्वारा पैसा देने से इंकार करने पर तीनों प्रार्थी को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट किया है। रिपोर्ट पर धारा 296, 351(2) 119(1) 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### चाकू के साथ पकड़ाया

इसी प्रकार सूचना प्राप्त हुआ कि आरोपी सौरभ श्रीवास निवासी इंदिरा अस्पताल कॉलोनी के पास अपने हाथ में धारदार चाकू रखकर आने-जाने वाले आम जनता को डरा-धमका रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़कर आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार चाकू जब्त कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया। मारपीट के मामले में विवेचना के दौरान आरोपी अर्जुन धनकर एवं नेतराम यादव उर्फ खतम यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार करने पर दोनों आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया एवं माननीय न्यायालय से तीनों आरोपियों का जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।




**माय एंगल**






## खबर संक्षेप

### गुरू पूजन दिवस आज

**सड़क अतरिया।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सड़क अतरिया मंड़ल द्वारा कल मंगलवार को गुरू पूजन मनाया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे पंचायत भवन सड़क अतरिया में रखा गया है। कार्यक्रम में संघ प्रचारक वीर अन्ना सफारे शामिल होंगे। कार्यक्रम में गुरू पूजन तथा गौसेवा संबंध में चर्चा किया जाएगा। आयोजक मंड़ल ने सदस्यों से शामिल होने की अपील की है।

### महिलाओं ने रोपे पौधे

**गंडई पंडरिया।** समग्र ब्राम्हण मातृ शक्ति परिषद गंडई की महिलाओं ने छुईखदान की महिलाओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर समाज हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के अलावा पर्यावरण संरक्षण पर विचार किया गया। सावन माह में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने एक-दूसरे को श्रृंगार समान भेंट कर आपसी प्रेम और सौहार्द प्रदर्शित किया। इस दौरान महिलाओं ने बेल, शमी और आंवला आदि के पौधों का रोपण किया गया। अंत में सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया गया।



### कांग्रेस का प्रदर्शन सिर्फ नौटंकी: हथेल



**डोंगरगढ़।** सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने कांग्रेस के धरना प्रदर्शनों को नौटंकी करार दिया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अवैध वसूली, दारू-सट्टा जैसे मुद्दों पर या सरकार पर विकास में भेदभाव का आरोप लगाना केवल दिखावा है। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव सरकार बिना भेदभाव के हर क्षेत्र का विकास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के दौरान भ्रष्टाचार चरम पर था, जिसकी वजह से राज्य में भाजपा की सरकार बनी।

### प्रदेश सचिव बने शिशुपाल भारती

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से तेंदुभाठा निवासी शिशुपाल भारती को छत्तीसगढ़ प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। श्री भारती ने 20-25 वर्षों से कांग्रेस में सक्रिय है। उनकी सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी मिली है। उन्हे धनेश पटिला, भुनेश्वर बघेल, लोकनाथ भारती, गोविंद टंडन, दिनेश प्रकाश जांगड़े, नेतराम साहू, सालिक गेड़ाम, चिंताराम, पुष्पा गौकरण वर्मा, गौकरण कोसले, राजुसिंह राजपूत, सुरेश सिन्हा, रंजीत भारती सहित अन्य ने बधाई दी है।



### महिलाओं ने किया पौधरोपण

**डोंगरगढ़।** मां शीतला महिला समिति, सुदर्शन वाल्मीकि समाज ने गत दिनों पौधरोपण किया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे,पार्षद सुमित ताम्रकर अतिथि के रूप में शामिल हुए। अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल ने की। कार्यक्रम में ज्योति गौतेल, प्रीति गौतेल, सुनीता बघेल, कंचन हत्थेल, अनाया हत्थेल, गीतांजलि परिहार, रेशमा करसे, राखी करसे, मोहनी बिरहा, रोशनी समुद्रे, अनीशा समुद्रे, रोशनी रगड़े, पूजा बघेल, रोशनी हत्थेल, तरुण हत्थेल, नरेश करसे, शुभम परिहार, पिंटू गोतेल, राजू समुद्रे, अनिल भोंवरेल, संतोष समुद्रे, राहुल करसे, डिम्पी डकहा, विकी समुद्रे और सुमित डकहा शामिल हुए।



### देव पुष्प ब्रम्ह कमल खिला



**सड़क अतरिया।** ब्रम्ह कमल काफी दुर्लभ होता है। ऐसी मान्यता है कि इस पुष्प को शिव एवं अन्य भगवान पर अर्पण किया जाता है। यह पुष्प चकनार के पूर्व शिक्षक बंशीलाल जंघेल के बगीचे में खिला है। उन्होने बताया कि उनके बगीचे में ब्रम्ह कमल बीते एक दशक से खिल रहा है। इस बार आधा दर्जन से अधिक पुष्प खिलना शेष है। यह पुष्प मध्य रात्रि खिलता है और सुबह तक मुरझा जाता है। ब्रम्ह कमल देखने श्रद्धालु उनके घर पहुंच रहे हैं।

### तुलसी जयंती की रूपरेखा पर चर्चा

**सड़क अतरिया।** श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान की जिला स्तर बैठक सोमवार को घिरघोली के सिद्ध बाबा मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। बैठक का शुभारंभ भोलेनाथ की पूजा अर्चना के साथ हुआ। स्वागत के बाद प्रदेदेश एवं जिला स्तरीय तुलसी जयंती के आयोजन को आयोजन पर चर्चा कर रूपरेखा तैयार किया गया। बैठक मे प्रांतीय उपाध्यक्ष रोहित जंघेल, जिलाध्यक्ष पं राजीव लोचन, लालाराम जंघेल, ब्लाक अध्यक्ष श्री शांडिल्य, रामसुख साहू, भरत, हिरेन्द्र, संदीप वैष्णव, गणेश साहू एवं अन्य शामिल हुए।



### शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

**खड़गांव।** सावन माह के पहले सोमवार को ग्राम के शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव, पार्वती माता और नंदी की बेलपत्र, धतूरा, नारियल, कपूर और अगरबत्ती से पूजा अर्चना किया। क्षेत्र के मंदिरों पर जबरदस्त उत्साह देखने मिला। कुछ लोगों ने आलू, प्याज, लहसुन का त्याग किया। कुछ नवयुवकों ने सावन माह तक बाल न कटाने का संकल्प लिया। सोमवार को पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने मिला।



## नपं ने जांच रिपोर्ट आने तक मामला टाला

# काम्प्लेक्स के पाथवे पर कब्जा

## बिना अनुमति दुकानों का क्रय विक्रय भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

शापिंग काम्पलेक्स के पाथवे पर कब्जा कर दुकान का संचालन तथा बिना अनुमति निर्माण, बिना अनुमित क्रय विक्रय के मामले का निर्णय नगर पंचायत ने जिला प्रशासन पर छोड़ दिया है। सामान्य सभा ने जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस विषय पर निर्णय लेने का प्रस्ताव पारित किया है।

जानकारी के अनुसार कुछ माह से नगर के शापिंग काम्पलेक्स में अवैध निर्माण, बिना अनुमति खरीद फरोख्त का मामला गरमाया हुआ है। इस मामले को लेकर सामान्य सभा की बैठक में तीखी बहस हुई थी। अध्यक्ष ने बैठक में बताया कि इस मामले की शिकायत मीडिया से जुडे प्रतिनिधियो एवं नागरिकों ने सुशासन तिहार में किया था। शिकायत की जांच जिला प्रषासन द्वारा कराई जा रही है। जिला प्रशासन की रिपोर्ट आने के बाद ही विधि विशेषज्ञों से रायशुमारी कर फैसला लिया जाएगा। नगर पंचायत के निर्णय लेने के पहले प्रशासन का निर्णय सामने आना आवश्यक है।




### पाथवे में शटर लगाकर कब्जा

प्रियदर्शनी शापिंग काम्पलेक्स का निर्माण दो दशक पूर्व हुआ है। इस परिसर में 19 दुकाने हैं। प्राइम लोकेशन पर स्थित इन दुकानो को लेकर शिकायतें सामने आते रही है। शापिंग काम्पलेक्स के पाथवे पर दुकानदारों द्वारा कब्जा कर शटर लगाकर दुकान संचालित करने की शिकायत सुशासन तिहार में की गई थी। जिला प्रशासन शिकायतों की जांच करा रहा है। बिना अनुमति दुकानो का क्रय विक्रय जानकारी के अनुसार काम्पलेक्स के निर्माण के बाद दुकानों की नीलामी की गई थी। सफल बोलीदार को दुकान आबंटित कर विधिवत रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीयन कराया गया था। परिषद और सफल बोलीदार के मध्य हुए इकरारनामा के आधार पर कोई भी दुकानदार बिना अनुमति के दुकान का क्रय विक्रय नही कर सकता है और न बगैर अनुमति के किसी तरह का निर्माण कर सकता है। शिकायत के अनुसार कुछ दुकानदारों ने दुकान को गैर पंजीकृत इकरारनामा के आधार पर विक्रय कर दिया है।

### किराया को लेकर तीखी बहस

सामान्य सभा में शापिंग काम्पलेक्स के दुकानों और पाथवे के किराया को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सीएमओ के मध्य तीखी बहस हो गई। सीएमओ ने पाथवे पर वर्तमान बाजार मूल्य एवं प्रचलित दर के अनुसार किराया निर्धारित करने का सुझाव दिया। सीएमओ के सुझाव को परिषद पारित कर देती तो पाथवे का किराया दुकानो से कई गुणा अधिक हो जाता। अध्यक्ष ने इस सुझाव को अव्यवहारिक बताया। उन्होने कहा कि ऐसे में दुकान का किराया सौ एवं पाथवे का किराया पांच सौ हो जाएगा।

## 10 एकड़ में बना श्रीयंत्र, अगस्त माह में लोकार्पण की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रसाद योजना के तहत मां बम्लेश्वरी मंदिर के सामने साढ़े 10 एकड़ एरिया में श्रीयंत्र बिल्डिंग का निर्माण किया गया है। 43 करोड़ की लागत से इसका और मां बम्लेश्वरी मंदिर सहित अन्य निर्माण किया गया है। अगस्त में इसके लोकार्पण की तैयारी की जा रही है।

- 43 करोड़ की लागत से विभिन्न निर्माण

श्रीयंत्र भवन में अंडरग्राउंड आडिटोरियम, फर्स्ट फ्लोर में भोजनालय, एडविन ब्लॉक, किचन, सेकंड फ्लोर में सत्संग हाल, क्लाक रूम, मेडिटेशन हाल, रेस्टिंग हाल और टायलेट रहेगा। संचालन के लिए संस्थाओं से चर्चा की जा रही है। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने बताया कि श्री यंत्र बिल्डिंग का निर्माण पूरा हो चुका है।

लोकार्पण के लिए केंद्र सरकार से समय निर्धारित होगा। संचालन के लिए अलग-अलग संस्थाओं से चर्चा की जा रही है।

# लोकल ट्रेन का समय बदलने की मांग

## विकास मंच ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ विकास मंच के सचिव केके वर्मा ने डोंगरगढ़ से रायपुर के लिए प्रातः 3.45 बजे छूटने वाली मेमू ट्रेन क्रमांक 68730 को आधे घंटे पश्चात 4.15 बजे छोड़ने की मांग रेल प्रशासन से की है। उन्होंने बताया कि इसके ठीक पहले 3 बजे इतवारी बिलासपुर शिवनाथ एक्सप्रेस, 3.36 बजे इतवारी टाटानगर एक्सप्रेस तथा 3.50 बजे हजरत निजामुद्दीन विशाखापट्टनम समता एक्सप्रेस छूटती है। इन तीन ट्रेनों के बीच बहुत कम अंतराल है जबकि समता एक्सप्रेस और डोंगरगढ़ रायपुर मेमू के बीच मात्र 5 मिनट का अंतराल है इसके बाद सुबह 5.50 बजे पुनः डोंगरगढ़ से रायपुर के लिए मेमू क्रमांक 68710 ट्रेन उपलब्ध है इसलिए डोंगरगढ़ से रायपुर मेमू 68730 को समता एक्सप्रेस के बाद प्रातः 4.15 बजे छोड़ा जाना उचित होगा। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन रायपुर पहुंचने के बाद खाली ट्रेन भिलाई मार्शलिंग यार्ड मेंटेनेंस के लिए चली जाती है। इसे 4.15 बजे छोड़ने से इसका अधिकतम लाभ जनता उठा सकेगी साथ ही भिलाई स्टील प्लांट में 6 बजे की शिफ्ट में ड्यूटी करने वाले कर्मचारी बड़ी संख्या में लाभान्वित हो सकेंगे इसलिए इसका 4.15 बजे छोड़ना उचित होगा। उन्होंने मांग का पत्र रेल मंडल प्रबंधक नागपुर तथा सांसद संतोष पांडे को लिखा गया है।

### जताया सांसद का आभार

डोंगरगढ़ विकास मंच ने कोरोना काल से बंद ट्रेनों को 16 जुलाई से पुनः प्रारंभ करने की पहल का स्वागत करते हुए सांसद के प्रति आभार जताया है। मंच के अध्यक्ष गोपाल खेमुका ने बताया कि इसके लिए विकास मंच ने भी सांसद को पत्र लिखकर यह मांग रखी थी जिस पर सांसद ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था। उन्होंने सांसद से विभिन्न चरणों के स्टॉपेज एवं गोंदिया से छूटने वाली ट्रेनों को डोंगरगढ़ से छोड़ने की मांग के बारे में याद दिलाया है। मंच ने जबलपुर से रायपुर के बीच प्रारंभ होने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के डोंगरगढ़ स्टॉपेज की मांग रखा है।

# ट्रस्ट चुनाव की तस्वीर साफ पेनलों के बीच आए निर्दलीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेष्वरी ट्रस्ट चुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। चुनाव मैदान में दोनो पैनल सहित निर्दलीय के नाम सामने के बाद यह स्पष्ट नजर आने लगा है कि चुनाव त्रिकोणीय होगा। सेवादल और भैय्या जी पैनल और संरक्षण श्रेणी के दोनो पैनल के बीच सीधा मुकाबला दिखाई दे रहा है।

पिछले चुनाव में सेवा दल ट्रस्ट पर काबिज हुआ था। संरक्षण श्रेणी के 7 सदस्यों में भैय्या जी पैनल के 5 और सेवा दल के 2 लोग जीते थे। भैय्या जी पैनल का आजीवन श्रेणी में खाता ही नही खुल पाया था जबकि सेवा दल के पांचो प्रत्याशियों ने जीत हासिल किया था। वहीं र साधारण श्रेणी में तीन प्रत्याशियों में से सेवा दल के दो जीते जबकि भैय्या जी पैनल के एक को कामयाबी मिली थी। तीनो श्रेणी के 15 सदस्यों में भैय्या जी पैनल के 6 जीते थे। सेवा दल में 9 प्रत्याशियों की जीत के साथ ट्रस्ट मंडल पर उसका कब्जा हुआ था।

### मतदान 20 जुलाई को

आगामी 20 जुलाई को होने वाले मतदान को लेकर दोनो पैनल सक्रिय हो गए है। प्रत्याशी और उनके समर्थक घर घर जाकर मतदान करने और ट्रस्ट के विकास में सहभागी बनने की अपील कर रहे है। निर्दलीय प्रत्याशी भी जोर शोर अपना पक्ष रखकर मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इस चुनाव में भाजपा- कांग्रेस के अलवा सामाजिक एवं धार्मिक संस्था से जुडे हुए लोगों के अलावा व्यापारी, अधिवक्ता, कर्मचारी भी मैदान में उतरे हैं।

### निर्दलीय ने बढ़ाया टेंशन

वर्तमान में आजीवन और साधारण श्रेणी में सेवादल का दबदबा दिखाई दे रहा है किन्तु आजीवन श्रेणी में एक निर्दलीय सेंध मारने की तैयारी में है। साधारण श्रेणी में तीन निर्दलीय प्रत्याशियों के मैदान में उतर कर टेंशन बढ़ा दिया है। संरक्षण श्रेणी में भैय्या जी पैनल ने बिरदी चंद भंडारी की जगह उनके पुत्र हरिश भंडारी को युवा प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतारा है। वहीं सेवा दल ने पूर्व ट्रस्ट अध्यक्ष महेन्द्र भाई पटेल, युवा कैंडिडेट के रूप में शिव शर्मा एवं नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल को मैदान में उतारा है।

### सरपंच ने बंद कराया शराब की बिक्री



**इंदमरा।** ग्राम पंचायत इंदामरा के सरपंच योगेश यादव ने शराब की बिक्री रोकने कड़ा कदम उठाया है। गाँव में जगह जगह शराब बिक रही थी जिसे बंद कराया गया। शराब बेचने वालों को भविष्य में शराब का लेन देन नहीं करने की समझाइश दिया गया। उन्हे साफ तौर पर कहा गया कि अब शराब बेचते पाया गया तो पुलिस के हवाले किया जाएगा। आम लोगों एवं नवयुवकों को नशे से दूर रखने सरपंच यादव द्वारा सराहनीय कदम उठाया गया जिसमें सभी गांव वालों ने उनका साथ दिया।

### गोष्ठी में काश ऐसा न होता की समीक्षा

**डोंगरगांव।** शिवनाथ साहित्यधारा के तत्वावधान एवं महेंद्र बघेल के संयोजन में शनिवार को मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अध्यक्ष श्री बघेल की रचना काश ऐसा न होता के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार विमर्श करते हुए समीक्षक कौशल साहू, जितेंद्र पटेल, वीरेंद्र तिवारी, अखिलेश्वर मिश्रा, महेंद्र वैष्णव, राजकुमार चौधरी एवं गजेंद्र हरिहारनो ने अपने विचार रखे। समीक्षा के पश्चात काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डॉ माधवी गणवीर, दीप्ति पटेल, डॉ इक़बाल खान, कन्हैया मेश्राम, अनिल कसेर, मनीष साहू ने काव्य पाठ किया।

### नवनिर्मित शिवालय में शिवलिंग स्थापित



**सड़क अतरिया।** ग्राम चकनार के बजरंग चौक में नवनिर्मित शिवालय में शिवलिंग का विधि विधान के साथ स्थापना किया गया। स्थापना को लेकर गांव में तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन रखा गया था। तीन दिन तक प्रतिमा स्थापना को लेकर वैदिक कर्म कांड आयोजित किया गया जिसमें भक्तों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। पं. सूरज उपाध्याय, विकेश दुबे एवं पं. शंकर तिवारी ने विधि विधान के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा किया। प्रमुख जजमान जगदीश वर्मा एवं उनके परिवार ने प्रसादी वितरण किया गया। सोमवार को शिवालय में सुबह से शाम तक भक्तों का रेला रहा।

# कामता अध्यक्ष व महामंत्री बने शेखर, अशोक

- मंडल भाजपा की कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया





प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणसिंह देव की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी ने मंडल भाजपा छुरिया की कार्यकारिणी घोषित किया है। कार्यकारिणी में भाजपा मंडल अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष नैनसिंह पटेल, हितेश गुप्ता, खिलेंद्र साहू, भानबाई चंद्रवंशी, महामंत्री शेखर भारद्वाज, अशोक मरकाम, मंत्री राजकुमार सिन्हा, सुकुनबाई बडोले, प्रभा पवार, भारती रजक, कोषाध्यक्ष शिवा मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष सोहन साहू, मीडिया प्रभारी शिशुपाल साहू, सह मीडिया प्रभारी कुश कुंभकार, सोशल मीडिया प्रभारी मोनेश साहू, सहायक विनोद यादव, कार्यालय प्रभारी खिलेश कुमार साहू, सह कार्यालय प्रभारी आनंद शुक्ला को बनाया गया है।

कार्यकारिणी सदस्य में देवदास साहू, हीरमोतिन साहू, मालतीबाई ऊईके, लेखराम निर्मलकर, रेखाबाई गंधर्व, श्यामसुंदर साहू, शांताराम पंजारे, प्रीतम साहू, भारत साहू, चंद्रशेखर बांधे, महेश साहू, यादवदास वैष्णव, अंजूबाई धनकर, शेखर साहू, विक्रांत श्रीवास्तव, मनोज साहू, धन्नालाल यादव, पदमभूषण साहू, स्वप्निलन पटेल, द्रौपदी उईके, लक्ष्मी यादव, दुलेश्वरी चंद्रवंशी, आरती नेताम, ईंगलाबाई कतलाम, मीना पुजेरी, आशाबाई कोर्राम, टीकम प्रसाद पाण्डेय, उभेराम मंडावी, राधिकाबाई चंद्रवंशी, मुकुंद चंद्रवंशी, गुरचरण कतलाम, महेश चंद्रवंशी, तिलक साहू, इठोवा चौहान, मोहन साहू, संतोष सिन्हा, बाबूलाल पड़ोती, भानसिंह चंद्रवंशी, त्रिवेणी कुंभकार, उत्तराबाई निषाद, सुनीता सेवता, टोमेश कुंभकार, सलूजा कोमरे, गौरी सिन्हा, ललिता कुंभकार, चुनियाबाई, बिंदु साहू, दानेश्वर मंडावी, फूलचंद ठाकुर, सोहन कुंजाम, सुनील कसेर, रोहित सिन्हा, आमिर खान, चेतन साहू, सलमान खान, शत्रुहण चंद्रवंशी एवं धर्मवीर चंद्रवंशी हैं। सभी पदाधिकारियों को रविंद्र वैष्णव, चंद्रिका डडसेना, एमडी ठाकुर, किरण वैष्णव, गीता घासी साहू, संजय सिन्हा, अजय पटेल, प्रशांत ठाकुर, भुषण नेताम, सुरेन्दर सिंह भाटिया, राधेश्याम शर्मा, जगजीत सिंह भाटिया आदि ने बधाई दी है।

## 18 साल से जा रहे बैजनाथ धाम

# 51 कांवड़ियों का दल गया बाबा धाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

बाबाधाम की यात्रा के लिए 51 कांवड़ियों का दल जल अर्पण करने यहां से रवाना हुआ। बाबा धाम जाने वालों को लोगों ने सुबह जयस्तंभ चौक से सफल यात्रा की कामना करते हुए रवाना किया। रवाना होने के पहले सभी प्राचीन मां काली मंदिर में इकट्ठा हुए। यहां दर्शन कर बाबा के जयकारे के साथ दल जयस्तंभ चौक पहुंचा। यहां छोटे राजा देवराज किशोर दास, संजीव दुबे, सज्जाक खान, अशोक चंद्राकर, आदित्य देव वैष्णव, शरद श्रीवास्तव, प्रकाश महोबिया आदि ने सफल यात्रा की मंगल कामना करते हुए रवाना किया। बैद्यनाथ जाने वालों में पीयूष महोबिया, शैलेश महोबिया, सचिन महोबिया, मुकेश महोबिया, प्रशांत महोबिया, निलेश ठाकुर, मनोज, कृष्णा, भीमसिंह, शंकर, शुभम चंद्राकर, नवीन, पिल्लू, सोहन पाल, गणेश, राकेश, अनिल, पप्पू, राजा यादव, दीपक, देवेंद्र, हेमंत, महेंद्र रजक, मानव, राहुल, रामजी, परमानंद, रामप्रसाद राज, जगदीश थवाईत, सचिन श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, आदित्य वैष्णव, सागर चंद्राकर, दीपक यादव, दीपक रजक, अमित यादव, रोशन निषाद, प्रेम साहू, अजय यादव, राकेश, कुशल शामिल हैं।

### शहर में स्वागत

बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष संजय महोबिया के नेतृत्व में विगत 18 वर्षों से लोग देवघर जा रहे हैं। भक्त बोल बम यात्रा के लिए 13 जुलाई को रवाना हुए। यह लोग 130 किमी की पदयात्राकर बाबाधाम जाकर जल अर्पित करेंगे। यात्रा का नेतृत्व कर रहे संजय महोबिया ने बताया कि यात्रा का उद्देश्स नगर की खुशहाली होता है। सभी बाबा के भक्त लगातार 18 बरस से जा रहे है।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण




रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

## खबर संक्षेप

### प्रवेश उत्सव में बच्चों का स्वागत

**रामाटोला।** ग्राम के सरस्वती शिशु मंदिर में प्रवेश उत्सव मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद भैया बहनों को मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोडापे, विशेष अतिथि महेश सेन, पोषण साहू, केशोराम वर्मा, अध्यक्ष मनोज देवांगन, सचिव गैंदलाल देवांगन, नागराज साहू, मन्नूलाल वर्मा, ज्ञानचंद वर्मा, पुरन साहू, कुलेश देवांगन थे।



### शपथ समारोह में शामिल हुए विष्णु लोधी

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लोधी समाज के कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी रविवार को रायपुर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर श्री लोधी ने पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह केवल एक पद नहीं, बल्कि समाज के विश्वास, परंपरा और भविष्य का उत्तरदायित्व है। उन्होंने कहा कि लोधी समाज की पहचान केवल संख्या से नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा और संघर्ष से होती है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करना है, जिसे आने वाली पीढ़ियां गर्व करे। पदभार ग्रहण करने के बाद पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भगवती वर्मा, जमुना वर्मा, चंद्रप्रकाश वर्मा, मोहन उपारकर, बंधु जंघेल, उधो जंघेल, हीरा वर्मा, विश्राम वर्मा, भगवती जंघेल, रूपसिंह जंघेल आदि शामिल हुए।



### सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़े भक्त

**डोंगरगढ़।** देवो के देव महादेव की पूजा अर्चना का दौर प्रथम सावन सोमवार के सूरज की किरणों के साथ ही शुरू हुआ। शहर सहित वनांचल के शिव मंदिरों में भगवान शंकर की पूजा अर्चना की गई। पिछले तीन सालों में नवनिर्मित लगभग 60 के अलावा पुराने मंदिरों में पूजा अर्चना और अनुष्ठान किया गया। सावन के प्रथम सोमवार को महावीर पारा के भक्तों ने कांवड यात्रा निकाला जो शहर भ्रमण करते हुए बस स्टैण्ड चौक के शिव मंदिर पहुंची। यहां जलभिषेक और पूजा आराधना किया गया।



### पान ठेलों का तोड़ा ताला

**मुरमुंदा।** शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने ग्राम के 2 पान ठेलो की ताला तोड़ा। चोरों ने बाजार चौक के बरातू पान सेंटर के शटर का ताला तोड़ने का प्रयास किया मगर एक तरफ का ही ताला तोड़ पाया। इसी चौक में बिशेसर पान ठेला में हाथ डालकर सिगरेट पाउच निकाला गया।

### स्थानांतरित शिक्षकों को दिया विदाई

**छुरिया।** युक्तियुक्तकरण के तहत स्थानांतरित शिक्षकों को शनिवार को पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में सम्मान के साथ विदाई दिया गया। इस दौरान संकुल में नवपदस्थ शिक्षकों का स्वागत किया गया। स्थानांतरित शिक्षकों को श्रीफल, बैग एवं गिफ्ट दिया गया। विदाई सह सम्मान कार्यक्रम के प्रारंभ में स्थानांतरित शिक्षक एचके खिलारी, ललितराम हुपेण्डी, शोभराज कोर्राम, प्रतिमा उके, बेला चंद्रवंशी, लुलेश्वरी साहू, शशिलता बढ़ई, प्रीति चन्द्राकर, अश्वनी देवांगन, डोमनलाल साहू, पुरेन्द्रकुमार चनाबे, प्रकाश साहू, रितेश चक्रधारी, कमल देवांगन ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। अध्यक्षता धनेश सिन्हा एवं अजय देवांगन ने की। विदाई अवसर पर स्थानांतरित शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किया। अध्यक्षता कर रहे श्री सिन्हा एवं श्री देवांगन, मुख्य अतिथि एचके खिलारी ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन थानूराम मोटघरे ने किया।





**राजनांदगांव।** शहर के महापौर मधुसूदन यादव सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की और शहरवासियों के खुशहाली की कामना की।

### जिला पंचायत सदस्य विभा के साथ बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण

# जर्जर सड़कों की मरम्मत नहीं होने पर होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिले के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 अर्जुनी के विभिन्न गांव से जिला पंचायत सदस्य विभा साहू के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने यहां प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सड़क योजना से बनी सड़कों के जर्जर होने को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। वहीं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सड़कों की मरम्मत और नवनिर्माण कराए जाने की मांग की है।

ग्रामीणों के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची जिला पंचायत सदस्य विभा साहू ने कहा कि इस क्षेत्र में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी अधिकांश सड़कें जर्जर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अर्जुनी से मेढ़ा तक की सड़क वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी है। जिसका मेंटेनेंस ठेकेदार को वर्ष 2027 तक करना है, लेकिन ठेकेदार द्वारा मरम्मत नहीं किया जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2015 में बनी सोनेसरार की सड़क पिछले 10 सालों से मरम्मत के अभाव में जर्जर हो गई है। वहीं खुर्सीपार से सिंघोला की सड़क को भी तत्काल मरम्मत की जरूरत है। वहीं ग्राम झींका से दीवानभेड़ी की सड़क के लिए साढ़े छह करोड़ रुपए स्वीकृत है, लेकिन अब तक टेंडर नहीं हुआ है और मोहभट्ठा से कोटरासरार की सड़क की स्वीकृति रद्द कर दी गई है। जिसके लिए पुनः राशि स्वीकृत करने की

## जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश



**जर्जर सड़क से हादसे**

ग्रामीणों ने कहा कि मेढा से सोनेसरार मार्ग जिसकी लंबाई 1.55 किमी है। इसकी 9 वर्ष तक कोई मरम्मत का कार्य और नवीन स्वीकृति नहीं हुई है। सड़क की खराब हालत के कारण गांव के आम नागरिकों, विद्यार्थियों और दैनिक यात्रियों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ रहा है।

### तीन वर्ष भी नहीं टिकी सड़क

मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि डोंगरगांव ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मेढा-सिंगारपुर की सड़क की स्थिति दयनीय हो गई है। यह सड़क मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत वर्ष 2016 में बनी है। जिसका विगत 9 वर्षों में आज तक कोई मरम्मत का कार्य नहीं किया गया है। मेढा-सिंगारपुर सड़क प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित है। अर्जुनी से मेढा 2.25 किमी सड़क का निर्माण वर्ष 2022 में हुआ था, जो मात्र ढाई वर्ष में ही जर्जर हो चुका है।

### गुणवत्ता निरीक्षण के लिए बनी समिति

ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि सभी जर्जर सड़कों का त्वरित मरम्मत कार्य हेतु निर्देशित किया जाए। सड़क की तत्काल मरम्मत अथवा नवीन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाए। वहीं गुणवत्ता निरीक्षण हेतु एक समिति गठित की जाए।

### चक्काजाम की चेतावनी

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची जिला पंचायत सदस्य विभा साहू ने कहा है कि अगर एक सप्ताह के भीतर इन जर्जर सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए मरम्मत कार्य नहीं किया गया तो ग्रामीणों के साथ चक्काजाम और घेराव किया जाएगा।

## कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस सख्त

**खैरागढ़।** पुलिस की 7 से 13 जुलाई तक सप्ताह भर जिले भर में की गई कार्रवाई ने अपराधियों के हौसले पस्त कर दिए हैं। आम जनता की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण की दिशा में पुलिस कप्तान लक्ष्य विनोद शर्मा के नेतृत्व में पुलिस हर मोर्चे पर सतर्कता से उटी हुई है।

सात दिनों में जिला पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत जिले में 36-च 1 के 10, 36-सी के 16, 34-1 ब के 7 और 34-2 के 02 प्रकरणों में 61 लीटर अवैध शराब जब्त कर हुए 35 आरोपियों पर कार्रवाई की है। सट्टा-जुआ पर शिकंजा कसते हुए थाना साल्हेवारा में सट्टा एक्ट के तहत एक आरोपी को सट्टा पट्टी, मोबाइल और नगद 3490 रूपयो साथ और थाना छुईखदान में 03 जुआ प्रकरणों में ताश खेलते पकड़े गए 17 जुआरियों से 31 हजार 70 की राशि जब्त की है। कोटपा एक्ट के तहत सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम धूम्रपान करने वाले 29 लोगों से कुल 5 हजार 800 का जुर्माना वसूला गया है। पशु क्रूरता के मामले मे थाना खैरागढ़ में 4 मवेशियों को अवैध रूप से वाहन में बिना चारा-पानी के परिवहन करते पकड़ाए चार आरोपियो के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। वही जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170/126, 135-3 तहत 03 प्रकरणों में 03 व्यक्तियों और धारा 126, 135-3 के तहत 37 प्रकरणों में 64 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई।

### 28 लाइसेंस निलंबित

इसके अलावा 1 से 13 जुलाई तक चलाए गए ऑपरेशन मुस्कान के तहत 4 गुमशुदा बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर परिवार से मिलवाया गया। यातायात नियम उल्लंघन पर कड़ा रुख अपनाते हुए कुल 274 प्रकरणों में 1 लाख 68 हजार 700 समन शुल्क वसूला गया। इनमें मालवाहनों में यात्री परिवहन के 06 और शराब पीकर वाहन चलाने का 01 मामला शामिल है। साथ ही 08 प्रकरणों मे वाहन चालक को लाइसेंस निलंबन के लिए न्यायालय भेजा गया और 28 मामलों में लाइसेंस निलंबित कर दिया गया।

## छग शिक्षक संघ की बैठक 19 को, होगी मुद्दों पर चर्चा

- आत्मानंद कन्या उमा शाला में होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की बैठक रविवार 19 जुलाई को आत्मानंद कन्या उमा शाला में होगी। शिक्षक हित को लेकर पत्राचार के माध्यम से उनकी समस्या शासन तक पहुंचाने और उच्च अधिकारियों से सीधे संवाद करने शासन से मान्यता प्राप्त छग शिखक कांग्रेस के डॉ कमलेश्वर सिंह, राजू यदु, छत्रपाल सिंह, राजेंद्र वर्मा, मानस साहू, अजय सिंह राजपूत, यशपाल वर्मा सहित अन्य ने बताया कि बैठक में उन समस्त शिक्षक ई वर्ग शिक्षक एलबी, ई संवर्ग व्याख्याताओ, प्रभारी प्राचार्य, प्रधान पाठक एलबी, सेवानिवृत्त शिक्षक/व्याख्याता जो छग शिक्षक संघ के आजीवन सदस्य है या नई सदस्यता ग्रहण करना चाहते है वो बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। बैठक में श्रीमती सोना साहू प्रकरण में उच्च न्यायालय द्वारा एक ही पद में दस साल पूर्ण करने वाले शिक्षक एलबी संवर्ग को क्रमोन्नति वेतनमान देने संबंधी आदेश के परिप्रेक्ष्य में अन्य शिक्षक साथियों द्वारा याचिका लगाए जाने पर चर्चा, सेवानिवृत्त शिक्षक, व्याख्याता, ई संवर्ग तथा एलबी संवर्ग के पेंशन, ग्रेज्यूटी, अवकाश नगदीकरण मे आने वाली समस्याओं के संबध में विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके अलावा संघ की नवीन सदस्यता को लेकर अभियान चलाने और सेवानिवृत्त शिक्षकों के संघ से जुड़े रहने पर विचार किया जाए। उन्होने बैठक मे समस्त शिक्षकों को उपस्थित रहने की अपील की है।

## गंदगी पाए जाने पर सीईओ ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण अंतर्गत आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को ध्यान में रखते जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह द्वारा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सीईओ ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों, स्वच्छग्राही कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों से भी चर्चा की। उन्होंने सभी से मोबाइल एप के माध्यम से अधिक से अधिक फीडबैक दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक दायित्व है। यदि प्रत्येक ग्रामीण अपनी जिम्मेदारी समझे और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना ले, तो निश्चित रूप से हमारा जिला सर्वेक्षण में अग्रणी स्थान प्राप्त करेगा।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में स्वच्छता सर्वेक्षण में फील्ड विजिट, सामुदायिक सहभागिता और डिजिटल फीडबैक को प्रमुख रूप से आंका जाएगा, इसलिए सभी पंचायतों को हर स्तर पर सजग और सक्रिय रहना होगा। निरीक्षण के दौरान विभिन्न ग्रामों में सड़क किनारे विभिन्न स्थानों पर



गंदगी पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की और संबंधित जनपद पंचायत सीईओ को तत्काल प्रभाव से साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा में कचरा संग्रहण की उचित व्यवस्था नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कचरा संग्रहण की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कचरा एवं गंदगी फैलाने वालों पर आवश्यक कार्रवाई करने कहा।

### समय रहते करें आवश्यक तैयारियां

सीईओ सुरूचि सिंह ने निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायतों के सीईओ और पंचायत सचिवों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण की जाएं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में सफाई योजना बनाई जाए और उसका कड़ाई से पालन किया जाए। स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों का सुनियोजित प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित हो। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सरपंच, पंच, सचिव सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## चाचा, मामा, बुआ व मौसी के रिश्तों से हुए वंचित

**राजनांदगांव।** लायंस क्लब ऑफ नांदगाव द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय विषय युवाओं को सशक्त बनाना और अपने पसंद के आशावादी परिवार की संरचना के लिए लायन सेवा सदन के सभागृह में विचार गोष्ठी शहर के बुद्धीजीवियों एवं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में मां भारती की पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ. डीसी जैन इस आयोजन के लिए लायंस क्लब नांदगांव के पदाधिकारियों को बधाई दी। डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव, किसान नेता अशोक चौधरी, प्रोफेसर केके द्विवेदी, प्रधान संपादक अशोक पांडे, समाजसेवी हेमंत तिवारी, पार्षद शैंकी बग्गा, सेवानिवृत्त अधिकारी राकेश इंदुभूषण ठाकुर, सेवानिवृत्त वायुसेना अधिकारी जीएस भाटिया ने अपने-अपने विचार रखे।

इस अवसर पर पार्षद शैंकी बग्गा एवं अतिथियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमलेंदु हाजरा ने किया। इस अवसर पर शैलेन्द्र तिवारी, बीपी वासनिक, डॉ. प्रकाश देवांगन, गिरीश ठक्कर, महेश चिरवतकर, उत्तम साहू, जीएस भाटिया शामिल थे। उक्त जानकारी प्रमोद बागड़ी ने दी।




### बढ़ती जनसंख्या घातक

कार्यक्रम प्रभारी अमलेंदु हाजरा ने बढ़ती जनसंख्या, राष्ट्र और पर्यावरण पर प्रभाव को रेखांकित करते विषय को जनमानस के लिए अति महत्वपूर्ण बताते प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से उक्त परिचर्चा का आयोजन बताया। अध्यक्ष प्रमोद बागड़ी ने बढ़ती जनसंख्या को देश के लिए घातक बताया और कहा कि देश के योजना निर्माण के लिए बड़ी चुनौती है। वर्तमान परिदृश्य में बच्चे चाचा, मामा, बुआ और मौसी के रिश्तों से वंचित हो रहे हैं। जिससे सामाजिक संरचना विकृत हुई है।

## जिला मेडिकल बोर्ड का संचालन बुधवार से होगा प्रारंभ

**खैरागढ़।** जिले मे बुधवार 16 जुलाई से जिला मेडिकल बोर्ड का शुभारंभ होगा। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल व जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल के निर्देशन व संयुक्त कलेक्टर सुमनराज, सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में यह व्यवस्था प्रारंभ की गई है। मेडिकल बोर्ड के माध्यम से दिव्यांगता अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत 21 प्रकार की दिव्यांगता के प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे साथ ही सभी प्रकार के मेडिकल, फिटनेस प्रमाण पत्र, फिट व अनफिट प्रमाण पत्र भी यहीं से जारी किए जाएंगा। प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को सिविल अस्पताल में 11 से दोपहर 2 बजे तक बोर्ड संचालित होगा। दिव्यांगता या अन्य मेडिकल प्रमाण पत्र की आवश्यकता वाले व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर सिविल अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण व जांच उपरांत प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष का जताया आभार



**राजनांदगांव।** भाजपा राजनांदगांव ग्रामीण मंडल के नवनियुक्त महामंत्री रमन सिंह राजपूत ने जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत से भेंट कर महामंत्री नियुक्त किए जाने पर आभार व्यक्त किया। क्षेत्र के उत्साहित कार्यकर्ताओं ने भी आभार व्यक्त कर कोमल सिंह राजपूत को धन्यवाद दिया। क्षेत्र के कार्यकर्तागण विजय सिंह राजपूत (उपसरपंच), विक्रम सिंह राजपूत, उमेश साहू, गजेन्द्र बंजारे, नरोत्तम बंजारे, कैलाश विश्वकर्मा, रमेश बंजारे, बुधराम पटेल, विजय बघेल, प्रताप मैथिलक्षत्री, लाकेश खांडे, बलराम बंजारे, मोहन खरे उपस्थित थे।

### मां शारदा की नगरी मैहर में कार्यक्रम आयोजित

# संगीत संध्या में कुलपति ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संस्कृति संचालनालय भोपाल मप्र द्वारा मां शारदा की नगरी मैहर के शासकीय संगीत महाविद्यालय में आयोजित संगीत संध्या में कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने सितार वादन किया। उनके साथ तबले पर संगत अवध सिंह ठाकुर ने दी।

विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष सोनी, जनभागीदारी समिति पूर्व के अध्यक्ष राजललन मिश्र व प्राचार्य भारती सिंह राजपूत के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां संरस्वती के प्रतिमा समक्ष दी प्रज्जवलन के साथ हुआ।

संगीत संध्या में पहली प्रस्तुति इंदिरा कला संगीत विवि की कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के सितार वादन से हुआ।




### श्रोताओं को किया आनंदित

ए ग्रेड कलाकार और देश की प्रसिद्ध सितार वादिका प्रो शर्मा ने राग मिया मल्हार में आलाप जोड़कर झाला और बनारसी कजरी दादरा की शानदार प्रस्तुति से सभागार में मौजूद श्रोताओं को आनंदित कर दिया। उनके साथ इंदिरा कला संगीत विवि से रिटायर्ड और टॉप ग्रेड प्रतिष्ठित कलाकार अवध सिंह ठाकुर ने तबले पर शानदार संगत दी। तालमणि से सम्मानित अवध सिंह ठाकुर ने सितार की सुमधुर झंकार मे तबले की थाप के साथ शानदार जुगलबंदी की। उनकी ताल और गति ने दर्शकों को सुर ताल की समरसता का शानदार अनुभव कराया। प्रस्तुति बाद कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा व अवध सिंह ठाकुर का आयोजको द्वारा शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सितार शिक्षक रमाकांत त्रिपाठी ने किया। इस दौरान मैहर, रींवा, सतना, नागौर, कटनी, अमरपाटन सहित आसपास के छोटे बड़े शहरों से कला मर्मज्ञ उपस्थित थे।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, Ruchita Kotadiya daughter of Abhay Kumar Bedmohata, having address House No.129, kampthi line, Ward No.27., gali number 03, Rajnandgaon (C.G.) have changed my father's old name Abhay Bedmohata So in future I should be recognized by my father's new name that is Abhay Kumar Bedmohata in all government and Other documents.

**Ruchita Kotadiya**
House No.129, Kampthi Line,
Ward No.27., Gali number 03,
Rajnandgaon (C.G.) 491441



## सार समाचार

### कायस्थ समाज ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

**राजनांदगांव।** यादगार लम्हें कायस्थ समाज राजनांदगांव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाज की चार प्रतिभाओं गरिमा, शताक्षी, सारण्य और अर्चित्य का विशेष सम्मान किया गया। इन विद्यार्थियों ने हाल ही में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर न सिर्फ राजनांदगांव, बल्कि समाज और देश का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि उक्त चारों ने दार्जिलिंग में आयोजित ऑल इंडिया नेशनल डांस, म्यूजिक, फाइन आर्ट कॉम्पिटिशन एंड फेस्टिवल में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रस्तुति दी और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता कथक रॉकर्स संस्था द्वारा आयोजित की गई थी। जिसमें देशभर के प्रतिभागियों ने भाग लिया। मलेशिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय अबेकस प्रतियोगिता में अर्चित्य ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इन सफलताओं के उपलक्ष्य में यादगार लम्हें कायस्थ समाज ने एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान गरिमा, शताक्षी, सारण्य और अर्चित्य को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।




### प्रथम छत्तीसगढ़ खो-खो लीग का आयोजन 28 से

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो एसोसिएशन और जिला खो-खो संघ बलौदाबाजार भाटापारा के संयुक्त तत्वाधान में 28 से 31 जुलाई तक चार दिवसीय इनडोर स्टेडियम कसडोल बलौदाबाजार में प्रथम छत्तीसगढ़ खो-खो लीग सीनियर वर्ग महिला व पुरूष टीमों का भव्य आयोजन किया गया। इस खो-खो लीग में छत्तीसगढ़ राज्य के चयनित सर्वश्रेष्ठ महिला व पुरूष खो-खो खिलाड़ियों का चार महिला और चार पुरुष टीम सलेक्शन कर इस खो-खो लीग का आयोजन कर रहे हैं। अलग-अलग टीम के लिए श्रेष्ठ कोच मैनेजर की नियुक्ति किया जा रहा है। 25 नेशनल और स्टेट निर्णायकों को शामिल किया जा रहा है। विजेता टीमों को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी, मैडल, प्रमाण पत्र एवं व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को भी पुरस्कृत किया जाएगा।



### संस्कारों की कसौटी पर खरा उतरे पीढ़ी: राजेश

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजेश डागा राजनांदगांव संस्कारधानी नाम को बचाए रखने के लिए आज की पीढ़ियों को संस्कारों की कसौटी पर खरा उतरने की आवश्यकता बताई है। इसके लिए बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं को पारिवारिक और सामाजिक तौर पर प्रतिदिन या आए दिन एक मंच पर साझा होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि संस्कार सीखने और सीखाने की ललक में अपने अनुभव भी बताया जा सकता है और पौराणिक कथाओं की प्रसंग भी यदि ऐसा हो तो निश्चित रूप से इसका बहुत अच्छा परिणाम देखने को मिलेगा। श्री डागा ने बताया कि जब कोई व्यक्ति धर्म और समाज के प्रति जागरूक होता है, तो वह स्वयं को एक बेहतर नागरिक और जिम्मेदार मानव के रूप में ढालता है। छत्तीसगढ़ की यह सांस्कृतिक नगरी, संस्कारधानी राजनांदगांव न केवल अपनी ऐतिहासिक विरासत के लिए जानी जाती है, बल्कि यहां के लोग अपने आचरण, व्यवहार और कर्तव्यों में भी धर्म-संस्कारों को जीते हैं।



### दर्री-मटिया एनीकट कांग्रेस सरकार की देन : महेंद्र

**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने कहा कि डोंगरगांव की जल आवर्धन योजना कांग्रेस सरकार की देन थी। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में इस योजना की शुरुआत की गई थी। श्री यादव ने कहा कि डोंगरगांव की जल आवर्धन योजना का झूठा श्रेय लेने का कार्य राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे द्वारा किया जा रहा है, जो झूठी वाहवाही बटोरने के लिए श्रेय लेने का कार्य किया जा रहा है। जबकि क्षेत्रवासियों को इस बात का भली-भांति ज्ञान है कि यहां योजना कांग्रेस शासन काल की है। कांग्रेस ने सदैव ही किसानों और मजदूरों का हितैषी रहा है। दर्री-मटिया एनीकट किसानों को बड़ी राहत देने के लिए कांग्रेस शासन में किसानों का हित में ध्यान रखते हुए पेयजल आपूर्ति के लिए यह योजना की शुरुआत की गई थी।



### जनता को लूट रही साय सरकार : अंजली

**राजनांदगांव।** कुमरदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व छुरिया जनपद पंचायत सदस्य अंजली रामगुलाल घावड़े ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में प्रदेश की जनता को बिजली बिल हाफयोजना के तहत 200 यूनिट बिजली मुफ्त प्रदान की जाती थी। उक्त योजना को भाजपा की साय सरकार द्वारा पहले ही बंद कर दिया गया है। अब बिजली की दरों में वृद्धि कर जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने की कवायद यह सरकार कर रही है। श्रीमती घावड़े ने कहा कि सरकार व बिजली नियामक आयोग ने प्रदेश में बिजली दरों में 15 से 20 पैसे की बढ़ोतरी कर दी है। अब घरेलू और कामर्शियल उपभोक्ताओं को बिजली बिल भरने के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। बिजली कंपनियों को 4550 करोड़ रुपए का घाटा बताते इसकी भरपाई जनता से करने की तैयारी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आम जनता के साथ अन्याय कर रही है।



### शहीदों की याद में रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**राजनांदगांव।** पं. किशोरीलाल शुक्ल उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र पेंड्री राजनांदगांव में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। 12 जुलाई 2009 को मानपुर के मदनवाड़ा क्षेत्र के कोरकोट्टी में नक्सली मुठभेड़ में जिले के तात्कालिक पुलिस अधीक्षक व्हीके चौबे सहित 29 जवान शहीद हुए थे। शहीद जवानों के शहादत को नमन करते पुलिस जवानों ने रक्तदान किया। छात्र युवा मंच और अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग शामिल हुए। इसके अलावा भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने रक्तवीरों को प्रमाण पत्र और हेलमेट भेंटकर रक्तवीरों का उत्साह बढ़ाया।



### बाबा बैद्यनाथ का किया जलाभिषेक

**राजनांदगांव।** श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर में सावन के पहले सोमवार को शिवनाथ नदी से कांवर में जल लाकर मिथिला धाम परिसर में बाबा बैद्यनाथ शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। मिथिला धाम मंदिर में पूरे सावन महीने कांवर से जल लाकर जलाभिषेक करने की प्रथम भक्तों द्वारा किया जाता है। इसी कड़ी में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग की पूजा भी श्रावण महीने में मिथिला धाम मंदिर में किया जाएगा।



## साक्ष्य मिटाने के लिए मृतक के शव को जलाया था आरोपियों ने

# तीन साल बाद सुलझी गुत्थी, भाई और भाभी ने मिलकर की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाई-भाई के बीच मनमुटाव के चलते हंसिया से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई थी। तीन वर्ष बाद पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस मामले में मृतक के भाई और भाभी को गिरफ्तार किया गया है।

सूत्रों के अनुसार बागनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत 10 दिसंबर 2022 को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम चारभाठा से कोहलाकसा जाने का मार्ग ग्राम फत्तेगंज जंगल के सूखा नाला में किसी अज्ञात व्यक्ति का जला हुआ शव मिला है। पीएमकर्ता डॉक्टर द्वारा पीएम कर रिपोर्ट में उक्त अज्ञात मृतक का उम्र 25-35 साल के मध्य का पुरूष होना। जिसकी मृत्यु घटना दिनांक से 7 दिन पूर्व हत्या कर उसके शव को बाद में जलाना लेख किया था।



### हंसिया के वार से मौके पर हुई थी मौत

जिससे मनमुटाव एवं दुश्मनी बनी हुई थी। वर्ष 2022 दिसंबर माह के शुरूआत में रात को अनिल पारधी जब सो रहे थे। महेन्द्र कपूर शराब पीकर इसके झोपड़ी में घुसकर दुश्मनीवश इसे मारने को किया, जिस पर अनिल पारधी की पत्नी ने बीच-बचाव करने लगी तो उसे मारने के लिए उतारू हो गया, तब महेन्द्र के गले को पकड़कर धक्का देते बाहर निकाला और उसके झोपड़ी में ले जाकर उसके खाट में पटक दिया। महेन्द्र कपूर अपने पास में पड़े छिंद काटने के हंसिया को उठाकर अनिल पारधी को मारने किया, जिसे उससे छीनकर दुश्मनी व गुस्से के कारण उसके सिर एवं गले में दो-तीन बार मारा तो महेन्द्र कपूर लहुलुहान हो गया। जमीन में उसका खून बहने लगा, नीचे जमीन पर गिर गया, मौके पर ही मर गया।

### डीएनए रिपोर्ट से मृतक की शिनाख्ति

विवेचना के दौरान अज्ञात शव का पतासाजी दौरान पता चला कि ग्राम फत्तेगंज निवासी महेन्द्र कपूर पारधी घर से कुछ दिनों पूर्व नही होना पाया जाने से उसकी वास्तविक पहचान हेतु उसके माता-पिता का डीएनए टेस्ट कराया गया। डीएनए रिपोर्ट में अज्ञात मृतक का शव महेन्द्र कपूर पारधी निवासी फत्तेगंज का होना पाया गया।

### नाला में फेंकने के बाद शव को जलाया

मृतक के शव को अपनी पत्नी कांति पारधी के साथ मिलकर मोटर साइकिल से फत्तेगंज सूखा नाला के पास ले जाकर फेंक दिए थे, जिसे 2-3 दिन बाद जाकर शव की पहचान छिपाने हेतु बुरी तरह से जला दिए थे।आरोपियों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त हंसिया जब्त किया गया एवं विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### नार्को टेस्ट नहीं कराना चाहता था आरोपी

थाना बागनदी प्रभारी विजय मिश्रा के नेतृत्व में विवेचना दौरान संदेही अनिल पारधी एवं कांति पारधी को घटना में संलिप्त आरोपी के संबंध में स्पष्ट पुष्टि हेतु नार्को टेस्ट, परीक्षण कराए जाने के संबंध में सहमति लेने पर गोलमोल जवाब देकर सहमति नहीं दे रहे थे। 13 जुलाई को आरोपी अनिल पारधी से सघन एवं कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि घटना में शामिल होने के कारण नार्को टेस्ट नहीं कराना चाहता एवं जुर्म स्वीकार करते मेमोरेंडम कथन दिए हैं कि मृतक महेन्द्र कपूर पारधी आए दिन शराब पीकर आरोपी, उसकी पत्नी, मां-बाप को गाली-गलौज कर अतलंगी (हुड़दंग) करते रहता था।

## दिव्यांगजन कल करेंगे विधानसभा का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ द्वारा अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर 16 जुलाई को विधानसभा का घेराव किया जाएगा। इसके लिए संगठन द्वारा तैयारी की जा रही है। दिव्यांग संघ के प्रदेश प्रवक्ता हेमदास साहू ने बताया कि राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, खैरागढ़ क्षेत्र से 300 से अधिक दिव्यांग इस प्रदर्शन में शामिल होंगे।

दिव्यांग संघ द्वारा छत्तीसगढ़ पीएससी से चयनित 7 डिप्टी कलेक्टर, 3 लेखा अधिकारी, 3 नायब तहसीलदार, 2 सहकारिता निरीक्षक, 3 पशु चिकित्सक सहित 148 समस्त फर्जी दिव्यांगजनों का मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता का भौतिक परीक्षण कराकर फर्जियों को तत्काल बर्खास्त करने, समस्त विभाग में दिव्यांग कोटे के बैकलॉग पदों पर विशेष भर्ती अभियान विज्ञापन जारी करने, दिव्यांगजनों का पेंशन बढ़ाकर प्रतिमाह 5000 रुपए मासिक पेंशन देने, बीपीएल की बाध्यता खत्म करने, 21 वर्ष से अधिक आयु के अविवाहित दिव्यांग युवती को महतारी वंदन योजना में शामिल करने, शासकीय पदों पर नियुक्त दिव्यांग शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नति पर 3 प्रतिशत आरक्षण शासन के निर्धारित मापदंड अनुसार 3 प्रतिशत पदों पर 1 नवंबर वर्ष 2000 से पदोन्नत पदों की गणना कर 3 प्रतिशत पर पदोन्नति प्रदान करने और कोरोनाकाल के पूर्व स्वरोजगार हेतु फर्जी दिव्यांगजनों द्वारा लिए गए वित्त निगम के कर्ज वसूली किए जाने एवं वास्तविक दिव्यांगो को बिना गारंटर के लोन दिए जाने की मांग की है।

## घोरदा से बुद्धुभरदा मार्ग जर्जर

**राजनांदगांव।** जिले की ग्रामीण सड़कों के निर्माण को लेकर ध्यान नहीं दिए जाने से सड़कें काफी जर्जर हो चुकी है। जिससे बारिश के दिनों में आवागमन करना दूभर हो गया है। यहां लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर की सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गई है। गड्ढों में पानी भरने से हादसों का खतरा भी बना हुआ है।



ग्रामीणों ने बताया कि घोरदा से बुद्धुभरदा, किरगी, रिवागहन जाने वाले मार्ग इस मार्ग का निर्माण लगभग 4-5 वर्षों से नहीं हुआ है। सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया है, लेकिन सड़क के मरम्मत को लेकर ध्यान नहीं दिया गया। बीते वर्ष भी ग्रामीणों ने इस सड़क के निर्माण कार्य के लिए काफी गुहार लगाई, लेकिन सड़क का निर्माण नहीं किया गया। इस वर्ष यह सड़क अब काफी जर्जर हो चुकी है। सड़क के लगभग डेढ़ किलोमीटर हिस्से में सिर्फ गड्ढे ही नजर आ रहे हैं। आलम यह है कि इस सड़क से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

### ग्रामीणों में आक्रोश

बुद्धुभरदा के ग्रामीणों ने कहा कि आसपास के मिल की भारी वाहन चलने से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे पड़ गए हैं। इस सड़क से स्कूली बच्चों को आने-जाने में काफी समस्या हो रही है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने कहा कि सड़क का निर्माण कार्य नहीं होने पर आंदोलन भी किया जाएगा।

## मिल रहा सहयोग, स्वयं से अतिक्रमण हटा रहे व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के लगभग सभी दुकानों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। गुड़ाखू लाइन, हलवाई लाइन, सिनेमा लाइन, जयस्तंभ रोड़, कामठी लाइन और सदर बाजार जैसे क्षेत्रों में दुकान पर आने वाले ग्राहक सड़क पर ही अपने वाहन खड़े करते हैं। जिसकी वजह से आवगमन के लिए सड़क छोटी हो जाती है।

ऊपर से अधिकांश दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान निकालकर बेचे जाने से जाम की स्थिति बनती है। ऐसे में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए सड़क तक किए गए अतिक्रमण को हटाने का कार्य नगर निगम और प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए निगम प्रशासन ने व्यापारियों के साथ बैठक की थी, लेकिन जब निगम की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची तो शुरूआत में कुछ जगहों पर विरोध देखा गया, लेकिन अब बेहतर व्यवस्था के लिए व्यापारी भी आगे आने लगे हैं और स्वयं से अपने किए अतिक्रमण हटाने का सिलसिला शुरू हुआ है। शहर के जूनीहटरी क्षेत्र में तोड़फोड़ की कार्रवाई के बाद आज जयस्तंभ चौक क्षेत्र में व्यापारी स्वयं से अपने दुकान के बाहर निकाले शैड हटाने लगे।



### शहर को व्यवस्थित करने कार्रवाई

यातायात व्यवस्थित करने कार्रवाई शुरू की गई है। जिसके तहत फ्लाई ओवर के नीचे से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। शहर को व्यवस्थित करने के लिए व्यापारियों और सभी का सहयोग मिल रहा है। **-अतुल विश्वकर्मा,** आयुक्त, नगर निगम

### ग्राहक को होती है समस्या

बाजार में सड़क पर बनी सफेद पट्टी के भीतर ग्राहकों को अपने वाहन खड़े करने हैं, लेकिन दुकानदारों द्वारा सड़क तक दुकान फैलाकर रखने के चलते दुकान पर आने वाले ग्राहक सफेद पट्टी से बाहर अपने वाहन खड़ी करते हैं। ऐसे में कई बार वाहन का चालान होता है। जिसका खामियाजा ग्राहक को भुगतना पड़ता है।

### व्यापारियों के सुझाव पर कार्रवाई

नगर निगम में हुई बैठक के दौरान स्थानीय व्यापारियों के माध्यम से मिले सुझाव के तहत फ्लाई ओवर के नीचे पार्किंग व्यवस्था बनाने नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। आज पुराना बस स्टैंड चौक से फ्लाई ओवर के नीचे किए गए अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया गया। इस दौरान अतिक्रमण करने कबाड़ के रूप में रखे गए ठेले खोमचे, कबाड़ वाहन हटाए गए। नगर निगम की टीम ने प्रथम चरण में पुराना बस स्टैंड चौक से लेकर पोस्ट ऑफिस चौक तक अतिक्रमण हटाया है।

## स्थापना दिवस पर शिवसेना ने किया गौ सेवकों का सम्मान

**राजनांदगांव।** शिवसेना स्थापना दिवस शिव सैनिकों द्वारा जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शिव सैनिकों ने 12 ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया और वृक्षारोपण कर गौ सेवक चरवाहों का सम्मान किया।



शिवसेना के जिला प्रमुख आकाश सोनी ने बताया कि 14 जुलाई को छत्तीसगढ़ में शिवसेना स्थापना दिवस पूरे प्रदेश सहित जिले में भी धूमधाम से मनाया गया। किसान सेना प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, महामंत्री मनीष तिवारी, शिवसेना के विधानसभा अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू, नीलकंठ यादव, संजय यादव की विशेष उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के आम जनता के सुख-शांति और समृद्धि के लिए सावन मास प्रथम सोमवार को 12 ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया गया। गौ सेवक चरवाहों को गांव-गांव जाकर श्रीफल भेंट कर केसरिया गमछा पहनाकर सम्मान किया गया। वहीं किसानों के साथ वृक्षारोपण किया गया। शिवसेना के श्री सोनी ने कहा कि गौ हत्या बंद करने, गौमाता को राजकीय पशु घोषित कर राज्य माता का दर्जा दिलाने, गौतस्कर गाड़ी को राजसात करने, गौठान में कलेक्टर दर पर दो गौसेवक की नियुक्ति करने, गौहत्या करने वाले पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग पर महा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। शिवसेना द्वारा अभियान चलाकर 1 लाख हस्ताक्षर कराने का लक्ष्य रखा गया है।

## निर्माणाधीन भवन का सामान चोरी, आरोपी पकड़े गए

**राजनांदगांव।** निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का सामान चोरी करने वाला चोर एवं चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से चोरी का संपूर्ण सामान बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी 11 जुलाई को चौकी चिखली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी द्वारा ग्राम अचानकपुर में सामुदायिक भवन निर्माण का ठेका लिया है। निर्माण में उपयोग आने वाले सामानों को निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के बगल में स्थित पुराना सामुदायिक भवन में रखा था, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति 1 नग मगरमच्छ पंप, 50 फीट केबल वायर, 2 नग स्वीच बोर्ड, 1 नग कटर, 5 किलो सेंट्रिंग तार को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**सामान बरामद** - इस मामले में चौकी चिखली स्टाफ द्वारा टीम गठित कर अज्ञात चोर व चोरी किए गए मशरूका का पतासाजी किया जा रहा था। मजदूरों से पूछताछ किया गया। आरोपी दुष्यंत नेताम 24 साल साकिन ग्राम अचानकपुर द्वारा चोरी करना स्वीकार करने पर मेमोरेंडम कथन लिया गया, जो चोरी गए सामान स्वीच बोर्ड को तोड़फोड़ कर गांव के तालाब में फेंक देना, एक नग समर्सिबल पंप कीमती 10000 रुपए, केबल वायर 50 फीट कीमती 1500 रुपए को अपने घर से बरामद कराया एवं कटर मशीन को भोज कुमार साहू व तार को विष्णु देवांगन के पास बेचना बताने से भोज कुमार साहू 53 साल ग्राम परमालकसा एवं भेड़ीकला हार्डवेयर दुकान मालिक विष्णु कुमार देवांगन 56 साल ग्राम भेड़ीकला को चौकी चिखली तलब कर पूछताछ करने पर दोनों व्यक्ति द्वारा सामान खरीदना स्वीकार करने पर भोज कुमार साहू द्वारा कटर मशीन कीमती 2400 रुपए व विष्णु देवांगन द्वारा 5 किलो सेंट्रिंग तार कीमती 500 रुपए को बरामद कराया गया। उक्त दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 317 बीएनएस का अपराध घटित करना पाए जाने पर दोनों आरोपियों के विरूद्ध विधिवत कार्रवाई कर आरोपी दुष्यंत नेताम को माननीय न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## तीन कबाड़ियों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** अभियान के तहत पुलिस ने तीन कबाड़ियों के खिलाफ धारा 35, 3 (6) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर कबाड़ के सामान बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर में संचालित कबाड़ी दुकानों में 11 जुलाई को दबिश देकर आकस्मिक चेकिंग किया गया था, जिस पर संचालकों को दुकान में रखे चार पहिया, दुपहिया वाहनों के पार्टस व अन्य कबाड़ सामानों की खरीदी-बिक्री के संबंध में वैध कागजात पेश करने थाना तलब किया गया था। जिसमें सलमान मेमन 22 वर्ष साकिन वार्ड नं. 31 उदयाचल के सामने, हासम भाई 58 वर्ष साकिन गंज लाइन एवं आबिद बीबा 40 वर्ष साकिन कैलाश नगर द्वारा खरीदी-बिक्री करने संबंधी वैध कागजात पेश नहीं करने पर 14 जुलाई को सलमान मेमन 22 वर्ष के कब्जे से 40 किलो कांटा तार, कीमती 2000 रुपए, 4 नग स्टील एंगल कीमती 1000 रुपए, हासम भाई 58 वर्ष के कब्जे से 1 नग स्कूटी टायर डिक्स सहित जी. का वाटरबाडी, पुल्ली कीमती 1250 रुपए, आबिद बीबा 40 वर्ष साकिन कैलाश नगर के कब्जे से 4 नग ड्रम, 4 नग मुर्गी जाली, 15 किलो पुराना कटिंग एंगल कीमती 1050 रुपए जुमला कीमती 5300 रुपए धारा 35, 3 (6) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत जब्त कर वैधानिक कार्रवाई किया गया।

### बसंतपुर पुलिस की कार्रवाई

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 जुलाई को पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम बनभेड़ी में डिस्पोजल गैरेज में अवैध रूप से गाड़ियों को गैस सिलेंडर से काटकर कबाड़ में बदल रहा है। पुलिस ने अनावेदक एजाज खान निवासी तुलसीपुर द्वारा पुरानी ट्रक के सामानों को गैस कटर से काटते हुए मिला। जिसके संबंध में उक्त पुरानी गाड़ी के सामानों के बारे में वैध दस्तावेज पेश करने हेतु दिया, जो कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। अनावेदक एजाज खान के कब्जे से पुरानी ट्रक का हेड, 2 नग पुरानी ट्रक का कटा हुआ ड्रेसबोड, एक नग एचपी कंपनी का सिलेंडर, गैस काटने का पाईप नोजल लगा हुआ जब्त किया।

## पारिवारिक विवाद के बढ़ते मामलों पर चिंतन

# बाप दमड़ी और बेटा चमड़ी देख रहा है इसलिए हो रही है कलह- वीरभद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने पारिवारिक विवाद और तलाक के बढ़ते मामलों के संबंध में कहा कि यह स्थिति इसलिए हो रही है, लड़की देखते समय बाप दमड़ी देखता है और बेटा चमड़ी देखता है। गुण, धर्म और परिवार अब किनारे रह गए हैं, केवल चमड़ी-दमड़ी का खेल चल रहा है।

मुनिश्री ने फरमाया कि स्थितियां बदल रही है और जो लगातार बदलता रहता है, उसी को हम संसार कहते हैं, जब तक व्यक्ति नहीं बदलेगा, मान्यता नहीं बदलेगी, तब तक हम आगे कैसे बढ़ पाएंगे। व्यक्ति के दुखी होने का कारण ही संतान होता है। बच्चा बड़ा हुआ तो उसकी शिक्षा-दीक्षा, स्वास्थ्य को लेकर व्यक्ति चिंतित रहता है। व्यक्ति हमेशा डरकर रहता है। संतान ठीक हुआ तो ठीक नहीं तो दुख ही दुख, बहू ठीक हुई तो ठीक नहीं तो दुख ही दुख, आज की तारीख में हर व्यक्ति डरा हुआ है और वह बहुत सावधान रहता है। उन्होंने सोनम गुप्ता और नीले ड्रम वाली घटना का जिक्र करते कहा कि हमारे पतन का कारण मोबाइल, टीवी का दुरूपयोग और बच्चों को स्वच्छंद छोड़ देना है। हम अपने बच्चों को स्वच्छंद छोड़ देते हैं। बच्चों की शादी के समय हम परिवार एवं संस्कार को नहीं देखते। यही वजह है कि वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों की संख्या एवं कोर्ट में डायवोर्स के मामले बढ़े हैं।

### संस्कृति पर कड़ा प्रहार

मुनिश्री ने कहा कि आज से 50 वर्ष पहले न मोबाइल थी और ना कोई वृद्धा आश्रम ही था। टीवी, मोबाइल के दुरूपयोग ने हमारी संस्कृति पर कड़ा प्रहार किया है। रूचि और अपेक्षाएं संसार की ही है, सारी प्रवृत्तियां संसार की है, जब तक मोक्ष का लक्ष्य नहीं बनेगा, तब तक जीवन सार्थक नहीं हो पाएगा। परंपराओं के चलते हम तक थोड़ा बहुत जो ज्ञान पहुंचा है, उसमें भी काफी रस है और इस ज्ञान का लाभ उठाते हम मोक्ष मार्ग में आगे बढ़े और आत्म साधना करें।



## खबर संक्षेप

### महंगी साग-सब्जियों से रसोई-घर की बजट बिगड़ी, बढ़ी परेशानियां

**हरिभूमि बरसबपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम की उतार-चढ़ाव के चलते हरा-भरा साग-सब्जियों की दाम में उछाल आई है। जिसमें मिर्ची और टमाटर की भाव में तेजी से आई महंगाई से रसोई-घर की बजट बिगड़ती नजर आ रही है। बताया जाता है कि टमाटर 30-40 रूपए प्रति किलोग्राम, मूंगा 100 रूपए व भिंडी 50 रूपए प्रति किलोग्राम बिकने से आम नागरिकों को भारी दिक्कतो का सामना व घरेलू बजट बिगड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार हरा साग-सब्जियों जिसमें मिर्ची, टमाटर, भिंडी, करेला, मूंगा के दामों में उछाल होने के कारण एक व दो किलो खरीदने वाले उपभोक्ता एक ही पांव सब्जियां खरीदने मजबूर है।

# विधायक ने नवीन विद्यालयों की स्थापना, शराब दुकानों के संचालन व विद्युत आपूर्ति बाधित होने का विधानसभा में उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 14 जुलाई से प्रारंभ होकर 18 जुलाई को समाप्त होगा। इस दौरान सत्र के प्रथम दिन अपनी सक्रीय सहभागिता निभाते हुए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रदेश में संचालित शराब दुकानों एवं पर्याप्त बिजली आपूर्ति तथा पंडरिया विधानसभा अंतर्गत नवीन विद्यालयों की स्थापना व उनके उन्नयन के संबंध में विधानसभा सदन के समक्ष प्रश्न किया।



श्रीमती भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से प्रश्न किया कि वर्तमान में राज्य शासन द्वारा आबकारी विभाग के माध्यम से कुल कितनी देशी एवं विदेशी मदिरा की दुकानों का संचालन किया जा रहा है तथा मदिरा दुकानों में से कितनी शराब दुकानें शैक्षणिक संस्थानों (जैसे स्कूल-कॉलेज), चिकित्सालयों तथा धार्मिक स्थलों के समीप स्थित हैं? इसके साथ ही कितनी मदिरा दुकानें राष्ट्रीय-राज्य राजमार्गों अथवा प्रमुख सार्वजनिक सड़कों के निकट संचालित हैं और क्या शासन द्वारा मदिरा दुकानों के स्थान निर्धारण हेतु कोई निर्धारित मानक अथवा दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं? इस प्रश्न का लिखित उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में 161 देशी मदिरा दुकान, 179 कंपोजिट देशी मदिरा दुकान, 200 विदेशी मदिरा दुकान, 105 कंपोजिट विदेशी मदिरा दुकान एवं 31 प्रीमियम मदिरा दुकान इस प्रकार कुल 676 मदिरा दुकानों का संचालन प्रदेश में किया जा रहा है। संचालित मदिरा दुकानें सामान्य प्रयुक्ति नियम के प्रावधानों के तहत आपत्तिरहित स्थल पर अवस्थित हैं तथा राज्य अंतर्गत समस्त मदिरा दुकानों का स्थान निर्धारण छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत सामान्य प्रयुक्ति नियम के प्रावधानों के अनुरूप किया जाता है।

श्रीमती बोहरा ने विद्युत आपूर्ति बाधित होने से जनता को हो रही परेशानी के सन्दर्भ में प्रश्न किया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने की घटनाएं उत्पन्न होने के प्रमुख कारण क्या हैं? क्या विभाग में तकनीकी एवं मैदानी कर्मचारियों की संख्या आवश्यकता से कम है? यदि हां, तो विभाग द्वारा इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु कौन-कौन से कदम उठाए जा रहे हैं? इस प्रश्न के लिखित उत्तर में जवाब देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने के मुख्य कारण विद्युत लाईनों में होने वाले विभिन्न प्रकार के फाल्ट जैसे कि मानसून अवधि के दौरान उपकरणों का खराब होना एवं लाईनों के इंसुलेटरों का टूटना-खराब हो जाना, जम्पर का कट जाना, तेज आंधी-तूफान के कारण विद्युत लाईनों पर पेड़ बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स इत्यादि का गिर जाना जिसके फलस्वरूप पोल या तार टूट जाता है, अप्रत्याशित रूप से वाहनों का पोल से टकराकर दुर्घटना होने की स्थिति में पोल या तार का टूट जाना, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कारणों से लाईनों को बंद करना इत्यादि कारणों से विद्युत आपूर्ति बाधित होती है। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि इसके अतिरिक्त उत्पादन इकाईयों के सुधार के लिए बंद होने की स्थिति में राज्य की विद्युत मांग को नियंत्रित करने तथा ग्रिड को सुरक्षित रखने के दृष्टिगत विद्युत आपूर्ति को नियंत्रित किया जाता है। इसके अलावा समय-समय पर लाईनों एवं उपकेन्द्रों के रख-रखाव हेतु शटडाउन किए जाते है। माह अप्रैल 2025 की स्थिति में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड में तकनीकी एवं मैदानी कर्मचारियों के कुल स्वीकृत पद 12,317 है, जिनमें से 5,747 पदो पर नियमित कर्मचारी कार्यरत है। रिक्त 6,570 पदों के विरूद्ध बाह्य स्त्रोत से 2,728 कुशल कर्मचारी एवं 4,687 अकुशल कर्मचारी नियोजित किए गए है। इस प्रकार 6,570 रिक्त पदों के विरूद्ध 7,415 कर्मचारी कार्य पर नियोजित किए गए है एवं विभाग द्वारा प्रदेश के सभी भागों में तकनीकी एवं मैदानी कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त मांग का प्रस्ताव आने पर, प्रकरण की समीक्षा किया जा रहा है और अतिरिक्त कर्मचारियों की स्वीकृति यथासमय प्राधिकृत अधिकारी से स्वीकृत कराया जा रहा है।

### नवीन विद्यालयों की स्थापना के संबंध में सीएम से किया सवाल

विधायक श्रीमती बोहरा ने पंडरिया विधानसभा अंतर्गत स्कूलों के उन्नयन एवं नवीन विद्यालयों की स्थापना के संबंध में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से प्रश्न किया कि विगत डेढ़ वर्षों के दौरान पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर कुल कितने नए शासकीय विद्यालयों का निर्माण किया गया है? पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट में शामिल एवं स्वीकृति प्राप्त शालाओं में से कितने शाला भवन वर्तमान में निर्मित हो चुके हैं एवं कितने शालाओं का कार्य निर्माणाधीन व अप्रारम्भ है? इसके साथ ही विगत डेढ़ वर्षों में राज्य के शासकीय विद्यालयों में विभिन्न विषयों के शिक्षकों की कितनी संख्या में नियुक्तियां की गई हैं? मुख्यमंत्री ने लिखित उत्तर देते हुए बताया कि विगत डेढ़ वर्षों के दौरान पंडरिया विधानसभा क्षेत्र जिला कबीरधाम अंतर्गत नए प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर के शालाओं में निर्माण कार्य प्रगति पर है। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट में शामिल एवं स्वीकृति प्राप्त शालाओं में से 06 शासकीय शालाएं निर्माणाधीन है एवं अप्रारंभ कार्य निरंक है। विगत डेढ़ वर्षों में राज्य के शासकीय विद्यालयों में कुल 3,371 नियुक्तियां की गई है। जिसके अंतर्गत 2,638 सहायक शिक्षक, 686 शिक्षक, 19 व्याख्याता गणित एवं 27 व्याख्याता भौतिकी शास्त्र में नियुक्ति की गई है।

## समस्या: जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाएं जाने की गई मांग

# क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती से ग्रामीण-किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत सब स्टेशन ग्राम पंचायत कोलेगांव सहित ग्राम बसनी, घोरपेण्ड्री, धनेली, भगतपुर, पिपरमाटी, मोहतरा कला, कंझेटा, कुआं-मालगी अमली-मालगी, मोतेसरा, भट्टरूसे, निगापुर, सेमरकोना में लगातार बिजली कटौती से ग्रामीण किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में ट्रांसफार्मर कम वोल्ट के लगे होने के कारण धीमी गति के कार्य व बार-बार बिजली कटौती से किसानों की समस्या बनी हुई है। जिस पर क्षेत्रवासियों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा नया ट्रांसफार्मर की मांग की गई ताकि किसानों को खेतों में पर्याप्त सिंचाई के लिए बिजली उपलब्ध हो सकें। यहां बताना लाजिमी होगा कि शासन प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर में क्षेत्रीय विधायक को इस समस्याओं से अवगत कराया गया था, लेकिन क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती की समस्या जस के तस बनी हुई है। जिस पर क्षेत्र के ग्रामीण किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द हाई वोल्ट ट्रांसफार्मर लगाए जाने की अपील की गई ताकि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में बिजली मिल सके।

### कम वोल्ट के ट्रांसफार्मर, सिंचाई कार्य में अड़चन



क्षेत्र के ग्रामीण किसानों ने बताया कि कम वोल्ट की ट्रांसफार्मर होने के कारण सिंचाई कार्य में बाधा व अधिक लोड होने के कारण बार-बार बिजली कटौती हो रहा है। बताया जाता है कि धान फसल की रोपाई के बाद धान फसल को (पानी) सिंचाई ज्यादा जरूरत होती है। लेकिन कम वोल्ट के ट्रांसफार्मर होने से सिंचाई में अड़चन आ रही है। कम क्षमता के ट्रांसफार्मर व अत्यधिक बिजली गुल होने का कारण बन रहे हैं। साथ ही साथ लो-वोल्टेज की समस्या भी लोगों को परेशान कर रही है। जिससे बिजली आपूर्ति ठप किसान चिंतित है।

# जहरीली मशरूम खाने से एक ही परिवार के चार सदस्य फूडपायजनिंग का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



जिले के बोड़ला ब्लाक अंतर्गत ग्राम बांधाटोला में रविवार की शाम जहरीली मशरूम का सेवन करने से एक ही परिवार के चार सदस्य फूडपायजनिंग का शिकार हो गए। जिनमें माता-पिता के अलावा दो बच्चे भी शामिल हैं। जिन्हें लगातार उल्टी, दस्त की शिकायत के बाद बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां अब उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम बांधाटोला निवासी शोभाराम पिता लालजी आयु 35 वर्ष द्वारा पास के जंगल से मशरूम लाई गई थी। बताया जाता है कि शोभाराम की पत्नी नीता बाई आयु 34 वर्ष ने रविवार की शाम को इसकी सब्जी पकाई थी और इसका सेवन शोभाराम सहित नीता बाई तथा उनके बच्चे सनत आयु 8 वर्ष तथा रघुवीर आयु 6 वर्ष ने किया था। लेकिन मशरूम की सब्जी खाने के बाद ही इस परिवार के चारों सदस्यों में उल्टी-दस्त की शिकायत शुरू हो गई और उनकी तबियत बिगड़ने लगी। जिसके बाद परिजनो तथा आसपास के लोगों ने तत्काल चारों पीड़ितों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में भर्ती कराया जहां उनका उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक उपचार के बाद चारों की सेहत में सुधार है और अब वे खतरे से बाहर हैं।

### शिव मंदिर-देवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**हरिभूमि कोलेगांव।** शहर सहित कोलेगांव व आसपास के क्षेत्रों में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शिवभक्तों द्वारा मंदिर-शिवालयों में भक्तजनों व श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। वहीं सुबर से देर शाम तक श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-शांति व समृद्धि की कामना की गई। पंडितों द्वारा बताया गया कि सावन सोमवार का धार्मिक महत्व बहुत खास माना गया है और यह शिव तत्वक की प्राप्ति के लिए सबसे उत्तम और प्रभावशाली अवसर माना जाता है। इस अवसर पर यदि आप सच्ची श्रद्धा से भगवान शिव की पूजा करें और व्रत रखें तो शिवजी आपकी हर मनोकामना पूरी करके आपके जीवन से हर प्रकार के तनाव और कष्ट को दूर करते हैं। एक समय की बात है, किसी नगर में एक धनी साहूकार रहता था, उसके पास धन-दौलत की कोई कमी नहीं थी, लेकिन संतान न होने का दुःख उसे हमेशा सताता था। संतान प्राप्ति की आशा में वह पूरे श्रद्धा-भाव से सोमवार का व्रत करता और भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा करता था। उसकी सच्ची भक्ति से प्रसन्न होकर माता पार्वती ने भगवान शिव से उसकी मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना की। पहले तो शिवजी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने कर्मों के अनुसार ही फल मिलता है, लेकिन माता के बार-बार अनुरोध करने पर उन्होंने साहूकार को पुत्र रत्न का वरदान दे दिया। साथ ही यह भी कहा कि वह पुत्र केवल 12 वर्ष तक ही जीवित रहेगा। साहूकार यह बात सुनकर भी विचलित नहीं हुआ और पहले की तरह भगवान शिव की पूजा करता रहा, कुछ समय बाद उसकी पत्नी ने एक सुंदर पुत्र को जन्म दिया, जब वह पुत्र 11 वर्ष का हुआ तो साहूकार ने उसे पढ़ाई के लिए काशी भेजा। साथ में उसका मामा भी था, जिसे रास्ते में यज्ञ और ब्राह्मणों को भोजन कराने का आदेश मिला था। रास्ते में वे एक राज्य में रुके, जहां एक राजकुमारी का विवाह हो रहा था, दूल्हा एक आंख से काना था और यह बात छुपाई जा रही थी। राजकुमार के पिता ने साहूकार के पुत्र को अस्थायी दूल्हा बनाकर विवाह कराने की योजना बनाई, विवाह हो गया लेकिन साहूकार का पुत्र सत्यवादी था। उसने दुपट्टे पर लिखा कि तुम्हारा विवाह मुझसे हुआ है, न कि उस काने राजकुमार से यह पढ़कर राजकुमारी ने अपने माता-पिता को सब बताया और विवाह रोक दिया गया। काशी पहुंचकर यज्ञ की तैयारियां शुरू हुईं, जिस दिन वह बालक 12 वर्ष का हुआ, उसी दिन उसकी तबीयत खराब हो गई और उसकी मृत्यु हो गई। मामा का विलाप देखकर उसी मार्ग से गुजर रहीं माता पार्वती को दया आई, उन्होंने भगवान शिव से बालक को पुनर्जीवित करने की प्रार्थना की, पहले तो शिवजी ने मना किया लेकिन अंततः माता पार्वती के आग्रह पर बालक को जीवनदान देना पड़ा। बालक पढ़ाई पूरी कर घर लौटा, माता-पिता पुत्र को देख अत्यंत प्रसन्न हुए उसी रात भगवान शिव ने सपने में साहूकार को दर्शन दिए और कहा हे श्रेष्ठी तेरी भक्ति और सावन सोमवार व्रत कथा सुनने के फलस्वरूप ही तेरे पुत्र को दीर्घायु प्राप्त हुई है। जो भी श्रद्धा से यह व्रत करेगा और कथा सुनेगा, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। इसलिए सावन सोमवार के दिन यह कथा पढ़ना, सुनना और सुनाना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है।

# संग्रहण केंद्र बघर्रा में 6 माह से 41 करोड़ का धान जाम पड़ाः नवीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

जिले के बघर्रा धान संग्रहण केंद्र में करीब 41 करोड़ का धान 6 महीने से अधिक समय से जाम है। उठाव न होने और बारिश से बचाव की सही व्यवस्था नही होने के कारण धान की गुणवत्ता व मात्रा दोनो पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिस पर ब्लॉक अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि समय से धान नही उठाना कही ये धान को सड़ाने की कोई सोची समझी साजिश तो नही है। संग्रहण केंद्र में धान को बारिश से बचाने के लिए चबूतरों की व्यवस्था नही होने के कारण आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है। ब्लॉक अध्यक्ष श्री जायसवाल ने बताया कि धान संग्रहण केंद्र में 15,7041 क्विंटल धान में से अब तक मात्र 24,775 क्विंटल धान का उठाव हुआ है इसका मतलब ये है कि अभी भी 41 करोड़ का धान जाम है। सबसे जबरदस्त बात तो ये है कि केंद्र में एक भी चबूतरा नही है, जमीन पर भूसा बिछाकर धान को रखा गया है। बारिश में धान को बचाने के लिए तिरपाल से ढका गया था, लेकिन अब बारिश और आंधी के चलते तिरपाल फट रहे हैं। नवीन जायसवाल ने बताया कि गांव वालों से जानकारी लेने पर पता चला कि दिन भर में एक से दो ट्रक धान का उठाव हो रहा है। अगर इसी गति में धान का उठाव होगा तो कम से कम 2 से 3 माह लग जाएगा और इस दौरान तेज बारिश होती है तो धान पूरी तरह से सड़ भी सकता है। उन्होने कहा कि बारिश अगर 2 से 3 दिन लगातार होगी तो धान का उठाव होगा ही नही क्योंकि सड़क मिट्टी का है। सरकार ने संग्रहण केंद्र तो खोल दिया पर सड़क की सही व्यवस्था नही की है।





# अज्ञात चोरों ने निर्माणाधीन मकान में किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली अंतर्गत लगातार हो रही चोरी की वारदातों के बीच गत 11 जुलाई को अज्ञात चोरों ने ग्राम छिरहा स्थित रायपुर रोड महालक्ष्मी हार्डवेयर के पीछे निर्माणाधीन मकान में हाथ साफ कर दिया और मकान में लगा बिजली फिटिंग का सामान तथा मिस्त्री के औजार लेकर चंपत हो गए। घटना की जानकारी होने के बाद पीड़ित मकान मालिक द्वारा चोरी की शिकायत कवर्धा कोतवाली में दर्ज करा दी है। लेकिन अभी तक अज्ञात चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस संबंध में पीड़ित मकान मालिक विनिष जॉय निवासी घोठिया रोड कवर्धा ने बताया कि उनका निर्माणाधीन मकान ग्राम छिरहा स्थित रायपुर रोड महालक्ष्मी हार्डवेयर के पीछे बन रहा है। जिसमें बिजली फिटिंग का कार्य चल रहा है। उन्होने बताया कि गत 11 जुलाई की रात अज्ञात चोरों ने निर्माणाधीन मकान में प्रवेश कर मकान में लगे बिजली फिटिंग के सामान तथा मिस्त्री सामान सहित करीब 50 हजार रूपए का सामान पा कर दिया।

श्री जॉय ने बताया कि उन्हें चोरी की जानकारी दूसरे दिन सुबह उस समय हुई जब मकान में काम करने वाले मजदूर वहां पहुंचे। उन्होने चोरी की आशंका जताते हुए उन्हें इसकी जानकारी दी। मौके पर पर चोरी की पुष्टि करने के बाद श्री जॉय ने घटना की जानकारी कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस टीम ने भी मौका मुआयना कर लिया है लेकिन अभी तक अज्ञात आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पीड़ित मकान मालिक ने पुलिस प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है।

## पंडरिया के शिक्षाविद को योगीराज विद्या मंदिर चपोरा ने किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

रतनपुर-पेण्ड्रा मुख्य मार्ग पर स्थित योगीराज विद्या मंदिर चपोरा में 14 जुलाई को बच्चों को मार्गदर्शन देने के लिए व्यक्ति के विकास पर आधारित व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें पंडरिया के इंग्लिश ट्रेनर मोटीवेटर इनफ्लुएंसर संस्कार श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को जीवन में सफलता के लिए सूत्र बताए। इससे पहले स्कूल के प्राचार्य डॉ नेमप्रकाश मिश्रा ने आमंत्रित मुख्य अतिथि का स्वागत शाल श्रीफल से किया। आज के समय में पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के लिए बोलचाल की स्पोकन इंग्लिश को जरूरी बताते हुए, संस्कार श्रीवास्तव ने बच्चों को हिंदी को अपने हृदय में और इंग्लिश को अपनी जेब में रखने की सलाह दी। इस अवसर पर उन्होंने प्राकृतिक वातावरण और सघन वनांचल के बीच योगीराज विद्या मंदिर की गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस स्कूल में योग्य शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में बच्चों के पढ़ाई के साथ संस्कार पक्ष को भी विकसित किया जा रहा है। श्री श्रीवास्तव ने बच्चों से वादा किया कि वह हर रविवार इंग्लिश या पर्सनालिटी डेवलपमेंट की विषयों के मार्गदर्शन को लेकर ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर बच्चे उनसे मिलकर बहुत खुश हुए। प्राचार्य डॉ नेम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि बच्चों को सतत मार्गदर्शन देने के लिए बाहर से लगातार विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाता रहेगा।



**न्यायालय- पल्लव रघुवंशी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कबीरधाम (कवर्धा)**

उत्तराधिकार प्रकरण क्रं. 04/2025
पेशी तारीख 04.09.2025
प्रोसेस नंबर 156125

श्रीमती रितु वर्मा वगै. .................... आवेदिकागण
विरूद्ध
आम जनता वगै. .................... अनावेदकगण
बनाम :- आम जनता (जिनका संबंध हो)

एतद् द्वारा द्वारा आम जनता (जिस किसी का इस याचिका में कोई हित हो) को सूचित किया जाता है कि आवेदक गण श्रीमती रितु वर्मा आयु लग. 31 साल पति स्व. ठाकुरराम वर्मा निवासी धुर्वे पारा ग्राम मगरवाह तह. स /लोहारा जिला कबीरधाम छ.ग. वगै. ने मृतक स्व. ठाकुरराम वर्मा आ. भोलाराम वर्मा जिनकी मृत्यु दिनांक 31.03.2023 को हो गई है। मृतक स्व. ठाकुर राम वर्मा के जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित राजनांदगांव शाखा रणवीरपुर, में बचत खाता क. 602024041453 के अंतर्गत जमा राशि को आहरण करने हेतु आवेदिकागण श्रीमती रितु वर्मा वगै. के नाम से उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु इस न्यायालय में धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अंतर्गत वाद पेश किया है।

उक्त मामले में इस न्यायालय में दिनांक 04.09.2025 को दिन के 11.00 बजे सुनवाई होगी अतः आम जनता जिनका इस याचिका में कोई हित हो उक्त सुनवाई तिथि में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये है और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्यदिवस को होगी।

आज तारीख 08 माह 07 सन 2025 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

मुहर
(पल्लव रघुवंशी)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, कबीरधाम छ.ग.

**न्यायालय- पल्लव रघुवंशी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कबीरधाम (कवर्धा)**

उत्तराधिकार प्रकरण क्रं.03/2025
पेशी तारीख 04.09.2025
प्रोसेस नंबर 158125

धर्मिन बाई वगै. .................... आवेदिकागण
विरूद्ध
आम जनता वगै. .................... अनावेदकगण
बनाम :- आम जनता (जिनका संबंध हो)

एतद द्वारा आम जनता (जिस किसी का इस याचिका में कोई हित हो) को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण धर्मिन बाई आयु लग. 53 साल पति-भोला राम वर्मा निवासी ग्राम-मगरवाह तह.-स/लोहारा जिला-कबीरधाम छ.ग. वगै. ने मृतक स्व. भोलाराम वर्मा जिनकी मृत्यु दिनांक 09.10.2023 को हो गई है। मृतक स्व. भोलाराम वर्मा के जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित राजनांदगांव शाखा रणवीरपुर, में बचत खाता क. 602024014032 के अंतर्गत जमा राशि को आहरण करने हेतु आवेदिकागण धर्मिन बाई वगै. के नाम से उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु इस न्यायालय में धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अंतर्गत वाद पेश किया है।

उक्त मामले में इस न्यायालय में दिनांक 04.09.2025 को दिन के 11.00 बजे सुनवाई होगी अतः आम जनता जिनका इस याचिका में कोई हित हो उक्त सुनवाई तिथि में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये है और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्यदिवस को होगी।

आज तारीख 08 माह 07 सन 2025 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

मुहर
(पल्लव रघुवंशी)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, कबीरधाम छ.ग.

## समाज के लोगों ने कोतवाली थाना पहुंचकर प्रदर्शन किया

# सर्व कुर्मी समाज ने किया कोतवाली थाना का घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रविवार की रात करीब 10 बजे शहर में उस समय तनाव का माहौल बन गया जब अज्ञात वाहन सवार द्वारा गाय को टक्कर मारने की घटना के बाद हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। विवाद में समाज के एक युवक की बड़ी बेरहमी से पिटाई कर दी गई, जिससे आक्रोशित होकर सर्व कुर्मी समाज के सैकड़ों की संख्या में सोमवार को कोतवाली थाने का घेराव किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शहर के मुख्य मार्ग रायपुर रोड पेट्रोल पम्प के पास का है। जहां एक अज्ञात वाहन चालक द्वारा एक गाय को एक्सीडेंट कर दिया गया था। इसी दौरान वहां मौजूद लोगों के बीच बहस शुरू हो गई, जिसमें समाज के युवक आनंद चंद्रवंशी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन यह हस्तक्षेप उन्हीं पर भारी पड़ गया। बताया जा रहा है कि करीब 40 से 50 की संख्या में मौजूद लोगों ने आनंद चंद्रवंशी पर हमला कर दिया। जिससे बुरी तरह पिटाई से किसी तरह जान बचाकर वह के पास ही स्थित चंद्रयान हॉस्पिटल की ओर भागे और वहीं शरण ली। डॉक्टरों के अनुसार आनंद को अंदरूनी गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह समाज के युवक पर बेरहमी से हमला किया गया। वीडियो वायरल होने के बाद से ही जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार को सुबह से ही सर्व कुर्मी समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होकर कोतवाली थाने पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों के खिलाफ बलवा और डकैती का मामला दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी। विरोध प्रदर्शन के चलते पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है, वहीं मामले को शांत करने के लिए प्रशासनिक अधिकारी समाज के प्रतिनिधियों से चर्चा में लगे हुए हैं। कवर्धा पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोषियों की पहचान कर जल्द कार्यवाही की जाएगी।

## श्रद्धा-भक्ति...



**हरिभूमि पाण्डातराई।** श्रावण मास के पहले सोमवार को हजारों की संख्या में भक्तगण व श्रद्धालुओं द्वारा अंचल के सुप्रसिद्ध पर्यटन एवं धार्मिक स्थल डोंगरिया स्थित जलेश्वर महादेव घाट में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष तथा बच्चों ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उलेखनीय है कि जालेश्वर महादेव घाट अंचल का सुप्रसिद्ध शिवालय है, जहां स्वयं-भू शिवलिंग में भक्तजनों द्वारा सुबह से शाम तक स्नान-ध्यान व विधि विधान से पूजन भगवान जलेश्वर महादेव में जलाभिषेक किया।


उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बुढ़ा महादेव मंदिर में की पूजा अर्चना।


पदयात्रा में शामिल होकर भजन मण्डली के साथ किया कीर्तन।


पदयात्रा में शामिल शिव भक्तों का जगह-जगह किया गया स्वागत।

**पदयात्रा:** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भगवा ध्वज दिखाकर पदयात्रा को किया रवाना, पदयात्रा में रहे शामिल

# हर-हर महादेव के उद्घोष और बोल बम की जयघोष से गूंजा कवर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

श्रावण मास के प्रथम सोमवार को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पुरातत्व, पर्यटन, जनआस्था के केन्द्र एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर के लिए पदयात्रा में भारी उत्साह, दिव्यता और भक्तिभाव के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।

भोरमदेव पदयात्रा से पहले प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंचमुखी बुढ़ा महादेव की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने हर-हर महादेव, बोल-बम के जयघोष के साथ भगवा ध्वज हाथों में लिए लगभग 18 किलोमीटर श्रद्धालुओं का भोरमदेव पदयात्रा का शुभारंभ किया। पदयात्रा शुभारंभ होने से पहले सांसद संतोष पाण्डेय, राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव और तात्कालिक कलेक्टर सिद्धार्थ कोमल परदेशी अपनी पुत्री के साथ, कलेक्टर गोपाल वर्मा, मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह, वन मंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पंचमुखी बुढ़ा महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कबीरधाम जिला पूरे प्रदेश में अध्यात्म, पुरातत्व और पर्यटन के क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ट पहचान रखता है। आज श्रावण मास के प्रथम सोमवार को आयोजित पदयात्रा में जिले भर से जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों और आमजन की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा न केवल आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि जिले की सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण भी है। पदयात्रा को लेकर पूरे जिले में उत्सव जैसा माहौल है और हर वर्ग के लोग पूरे जोश और श्रद्धा के साथ इसमें शामिल हो रहे हैं। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समस्त जिलावासियों को श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जनभागीदारी और संस्कृति के इस उत्सव में सक्रिय सहभागिता के लिए आभार भी व्यक्त किया। इस पदयात्रा में पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, मोतिराम चंद्रवंशी, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, बोड़ला जनपद अध्यक्ष बालका रामकिंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवासी, नितेश अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, समाज सेवी संगठन, स्वामी विवेकानंद एकेडमी, स्कूली बच्चों से लेकर आमजन हजारों की संख्या में महिला-पुरूष व बच्चें श्रद्धालु के रूप में स्वस्फूर्त शामिल हुए।



## नर्मदा जल से जलाभिषेक

इस वर्ष की पदयात्रा को विशेष और आध्यात्मिक रूप से और भी समृद्ध बनाने के लिए मां नर्मदा के पवित्र जल से भोरमदेव बाबा का जलाभिषेक किया गया। इसके लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा 1000 पैकेट नर्मदा जल की विशेष व्यवस्था की गई थी। यह अभिनव पहल कलेक्टर गोपाल वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के संयुक्त प्रयास से संभव हो सकी है, जिसे श्रद्धालुओं और नगरवासियों द्वारा अत्यंत सराहा जा रहा है।

## झांकियां बनी आकर्षण का केन्द्र

इस बार की पदयात्रा में शिवजी की बाल्यावस्था से लेकर विविध स्वरूपों में तैयार की गईं झांकियां, नदी की सवारी जैसी झांकी और भक्तिमय प्रदर्शनियां विशेष आकर्षण रहीं। झांकियों ने न केवल धार्मिक भावनाओं को जागृत किया, बल्कि कला और संस्कृति की झलक भी प्रस्तुत की। लोगों के बीच यह धार्मिक झांकियां आकर्षण का केन्द्र बनी रही

## पदयात्रियों का जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत

भोरमदेव पदयात्रा को लेकर कवर्धा से भोरमदेव मंदिर पूरे 18 किलोमीटर तक पदयात्रा में दोगुनी उत्साह और उमंग देखने को मिला। जिले के विभिन्न संगठनों से लेकर अलग-अलग समाजिक संगठनों, ग्रामीणों ने पदयात्रा में शामिल जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों का पुष्प गुच्छ, माला भेंट कर व तिलक लगाकर स्वागत और अभिनंदन किया। ग्राम पंचायतों के पंच-सरपंच के आलावा वन विभाग, इंजिनियर एसेसिएशन संघ, जिला प्रेस क्लब, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आबकारी विभाग, विद्युत विभाग, ज्वाईन हैण्डस, ट्रक मालिक संघ, प्रायवेट स्कूल संघ और परिवहन विभाग ने अलग-अलग स्थानों में स्टॉल लगाकर श्रद्धालु, पदयात्रियों कांवरियों के लिए चाय, कॉफी, नास्ता, जूस, शरबत, नीबू पानी, खीर-पूरी और फल वितरण किया।

## पदयात्रा में शामिल होने पहुंचे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी

वर्ष 2008 से निरंतर जारी इस पदयात्रा में हर बार की तरह इस बार भी राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। 14 जुलाई को श्रावण मास के प्रथम सोमवार को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पुरातत्व, पर्यटन, जनआस्था के केन्द्र एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर के लिए पदयात्रा में इस बार राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव और तात्कालिक कलेक्टर सिद्धार्थ कोमल परदेशी और मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार अपने पूरे परिवार के सभी सदस्यों के साथ इस पदयात्रा में शामिल हुए और बाबा भोरमदेव की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने कवर्धा से भोरमदेव मंदिर तक पदयात्रा भी की।

## पदयात्रा के साथ-साथ चली एम्बूलेंस, चिकित्सकों की टीम

पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को तत्काल स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ विभाग की टीम अलर्ट दिखाई दी। 18 किलोमीटर की इस पदयात्रा के साथ-साथ प्राथमिक उपचार के लिए एम्बूलेंस भी रही। इसके अलावा ग्राम राजानवागांव, ग्राम छपरी और भोरमदेव मंदिर परिसर के समीप कांवरियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाई गई। इस शिविर में पदयात्रा सहित कांवरियों के उपचार व मरहम पट्टी व उनके उपचार के लिए स्वास्थ्य अमले की टीम बनाई गई है। इसके अलावा जिले से अमरकंटक जाने वाले पदयात्री कांवरियों के प्राथमिक उपचार के लिए अमरकंटक मार्ग हनुमंत खोल के समीप तथा डोंगरिया में स्वास्थ्य शिविर लगाई गई है।

# भोरमदेव पदयात्रा में दिखे मनमोहक दृश्य, बाल शिव बने आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सावन के प्रथम सोमवार को भक्ति, श्रद्धा और संस्कृति का महापर्व भोरमदेव पदयात्रा अपने चरम पर रहा।

पदयात्रा में जहाँ हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, वहीं बाल शिव के रूप में सजे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया और आयोजन का आकर्षण का केंद्र बन गए। बालरूप में शिव का वेश धारण किए इन बच्चों ने भक्ति, भोलापन और सांस्कृतिक पहचान का अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया। उनके चेहरे पर दिव्यता और अभिनय में संपूर्ण समर्पण देख उपस्थित जनसमुदाय भावविभोर हो गया। बूढ़ा महादेव मंदिर से लेकर भोरमदेव मंदिर परिसर तक इन बाल शिवों की झांकी ने श्रद्धालुओं को अभिभूत कर दिया। इस अवसर पर राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय सहित जनप्रतिनिधियों ने बाल शिव के समक्ष झुककर उन्हें प्रणाम किया।



उन्होंने बच्चों के अभिनय और भाव-भंगिमा की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों के भीतर संस्कृति की यह जड़े और शिवभक्ति का यह समर्पण आने वाले भविष्य की आध्यात्मिक समृद्धि का संकेत है। पदयात्रा में पूरा वातावरण हर हर महादेव और बम-बम भोले के नारों से गूंजता रहा। कलेक्टर गोपाल वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इन प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए बच्चों के साथ फोटो खिंचवाई और उनके प्रयासों की प्रशंसा की।

# कस्तूरबा विद्यालय की झांकी और शिव तांडव ने मोहा सब का मन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सावन के पहले सोमवार को आयोजित भव्य भोरमदेव पदयात्रा इस वर्ष सांस्कृतिक विविधता, धार्मिक आस्था और नवाचार के साथ ऐतिहासिक बन गई।

श्रद्धालुओं की अपार भीड़ के बीच, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने जो शिव आराधना, तांडव नृत्य और झांकी प्रस्तुत की, उसने हजारों श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। छात्राओं ने शिव, पार्वती, नंदी और शिवभक्तों का सजीव रूप धारणकर बुढ़ा महादेव मंदिर से लेकर भोरमदेव मंदिर परिसर तक की यात्रा में भक्ति का अद्भुत वातावरण रच दिया। मंदिर प्रांगण में शिव तांडव और आराधना की प्रस्तुति के दौरान हर हर महादेव, बोल बम और बम बम भोले के जयघोषों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।



पदयात्रा में चार-पांच अलग-अलग दलों द्वारा भव्य झांकियों की प्रस्तुति भी की गई, जिनमें छत्तीसगढ़ की जनआस्था, पुरातात्विक विरासत, लोक संस्कृति और धार्मिक पर्यटन की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। हर झांकी ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

पदयात्रा में जिले के शासकीय और निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों की भागीदारी उल्लेखनीय रही। दिल्ली पब्लिक स्कूल, अभ्युदय स्कूल, अशोका स्कूल, रामकृष्ण स्कूल और लवकुश स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

## कावंरियों के विश्राम के लिए भोरमदेव मंदिर परिसर के आसपास 6 भवनों को किया गया आरक्षित

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर कावड़ियों के विश्राम के लिए भवनों को आरिक्षत किया गया है। जिसमें कंवरिया भवन, ग्राम पंचायत के पास बैगा भवन, आदिवासी भवन, शांकम्भरी भवन, ग्राम पंचायत भवन में वाटर प्रुफ टेंट की व्यवस्था, मड़वा महल मोड़ के पास धर्मशाला भवन में टेंट में ठहरने की और शौचालय की व्यवस्था की गई है। उपमुख्यमंत्री सहित कलेक्टर, जनप्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों ने बेटी बचाव-बेटी पढ़ाओं अभियान की सराहना की प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने भोरमदेव पदयात्रा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा पदयात्रियों के स्वागत और स्वलपाहार, जलपान के लिए लगाएं गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन भी किया। उन्होंने समनापुर के समीप महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाएं गए स्टॉल का निरीक्षण किया और बचाव-बेटी पढ़ाओं अभियान के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संदेश दिया।

## भोरमदेव पदयात्रा की झलकियां


भोरमदेव पदयात्रा में उमड़ा जन सैलाब।


शिवभक्तों के कंधे में विराजे बाल शिव, की भोरमदेव पदयात्रा


स्कूल शिक्षा विभाग सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने अपनी पुत्री के साथ की पदयात्रा


भोरमदेव पदयात्रामें कलेक्टर गोपाल वर्मा सपत्निक हुए शामिल।


तात्कालिक कलेक्टर सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने सपरिवार की पूजा अर्चना।


पदयात्रा में शामिल होने पहुंचे मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार


भोरमदेव पदयात्रा में शामिल हुए जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता


भोरमदेव पदयात्रा में कलाकारों की प्रस्तुतियां बनी आकर्षण का केन्द्र


श्रद्धालुओं ने भोरमदेव में नौका विहार का लिया आनंद।


ज्वाईन हैण्ड के भण्डारा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की भोजन प्रसादी


जगह-जगह स्टाल लगाकर पदयात्रियों को कराया गया स्वलपाहार